website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 249 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार 17 अगस्त 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## पीएम मोदी दिल्ली में 17 अगस्त को 11,000 करोड़ रुपये की दो हाइवे परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

### -ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अगस्त 2025 को राजधानी दिल्ली में लगभग 11,000 करोड़ रुपये की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे रोहिणी में होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं में दिल्ली सेक्शन का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (UER-II) शामिल है। इसका का मुख्य उद्देश्य दिल्ली और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम को कम करना, बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना और यात्रा का समय घटाना है।

द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली सेक्शन 10.1 किलोमीटर लंबा है और इसे लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह हिस्सा यशोभूमि, दिल्ली मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइन, आने वाले बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसे दो पैकेज में विभाजित किया गया है। पहला पैकेज 5.9 किलोमीटर लंबा है, जो शिव मूर्ति इंटरसेक्शन से द्वारका सेक्टर-21 के रोड अंडर ब्रिज तक जाता है। दूसरा पैकेज 4.2 किलोमीटर का है, जो द्वारका सेक्टर-21 RUB से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक फैला है और सीधे UER-II से जुड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका एक्सप्रेसवे का 19 किलोमीटर लंबा हरियाणा सेक्शन प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2024 में उद्घाटित किया था।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (UER-II) परियोजना के अलीपुर से दिघांव कलां तक के हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें बहादुरगढ़ और सोनीपत तक नई सड़क लिंक शामिल हैं। लगभग 5,580 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह परियोजना दिल्ली की इनर और आउटर रिंग रोड, मुकर्बा चौक, धौला कुआं और NH-09 जैसे भीड़भाड़ वाले मार्गों पर ट्रैफिक कम करने में मदद करेगी। इसके अलावा, बहादुरगढ़ और सोनीपत के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी, शहर के भीतर ट्रैफिक घटेगा और NCR में माल ढुलाई तेज गति से हो सकेगी।

करीब 11,000 करोड़ रुपये की इन दोनों परियोजनाओं से न सिर्फ दिल्ली और एनसीआर के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। इनसे परिवहन सुगम होगा, औद्योगिक क्षेत्रों का विकास तेज होगा और दिल्ली के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

## 'वोट चोरी' के खिलाफ 1300 किलोमीटर की 'वोटर अधिकार यात्रा' 17 अगस्त से

### -राहुल गांधी-तेजस्वी यादव रहेंगे साथ



नई दिल्ली । बिहार की सियासत में गरमी लाने वाली 'वोटर अधिकार यात्रा' 17 अगस्त से सासाराम से शुरू होगी। 1300 किलोमीटर लंबी इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव करेंगे। इस दौरान महागठबंधन के तमाम दलों और इंडिया गठबंधन के बड़े नेता भी शामिल होंगे।

तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा, "हम कल सासाराम से 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू कर रहे हैं। कई जिलों का दौरा कर लोगों को जागरूक करेंगे ताकि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे। राहुल गांधी कई दिनों तक हमारे साथ रहेंगे और जनता को बताएंगे कि कैसे उनके वोट चुराए जा रहे हैं। यह यात्रा एक ऐतिहासिक कदम होगी।"

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा, "आजाद भारत में आजादी से सांस लेना इसलिए संभव है क्योंकि हमारे पास वोट करने की ताकत है। राहुल गांधी ने संघर्ष इसलिए शुरू किया है, ताकि हर नागरिक आजादी से सांस ले सके।"

महागठबंधन का कहना है कि यह यात्रा केवल वोट चोरी के खिलाफ नहीं, बल्कि पहचान बचाने की लड़ाई है। विपक्षी दलों के मुताबिक, मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोटरों के नाम हटाए जाने के खिलाफ यह अभियान सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद अदालत को दखल देना पड़ा।

**यात्रा का रूट और समापन**

17 अगस्त को सासाराम से शुरू होकर यह यात्रा 1 सितंबर को पटना के गांधी मैदान में एक विशाल जनसभा के साथ खत्म होगी। रास्ते में यात्रा औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, छपरा और आरा जैसे जिलों से होकर गुजरेगी।

यह रैली महज एक राजनीतिक मार्च नहीं, बल्कि विपक्ष के मुताबिक लोकतांत्रिक अधिकारों को बचाने की एक बड़ी मुहिम है।

## 'हमें सीजफायर नहीं, स्थायी शांति समझौता चाहिए'- जेलेंस्की ने ट्रंप के सामने रखी मांग



नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन युद्ध पर कूटनीतिक हल तलाशने की कोशिशों के बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत में साफ कहा कि यूक्रेन को केवल युद्धविराम (सीजफायर) नहीं, बल्कि एक स्थायी और विश्वसनीय शांति समझौता चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि रूसी हमलों के बीच केवल विराम से कोई स्थायी समाधान नहीं निकलेगा।

जेलेंस्की ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, "हत्याएं जल्द और पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। यूक्रेन के बंदरगाहों और युद्धभूमि पर हमले रुकें, और रूस द्वारा अगवा किए गए सभी यूक्रेनी नागरिकों को तुरंत रिहा किया जाए। जब तक रूस की आक्रामकता और कब्जा जारी है, तब तक उस पर दबाव बनाए रखना जरूरी है।"

**रूस पर कड़े प्रतिबंध की मांग**

जेलेंस्की ने बताया कि ट्रंप के साथ हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि यदि त्रिपक्षीय वार्ता नहीं होती या रूस ईमानदार शांति से बचता है, तो उस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं। उनके अनुसार, "प्रतिबंध एक प्रभावी हथियार हैं और सुरक्षा की गारंटी लंबे समय तक व भरोसेमंद होनी चाहिए, जिसमें यूरोप और अमेरिका दोनों की भागीदारी हो।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यूक्रेन से जुड़े किसी भी मुद्दे पर फैसला बिना यूक्रेन की भागीदारी के नहीं होना चाहिए, खासकर क्षेत्रीय मामलों में।

**अमेरिका और यूरोप को धन्यवाद**

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में अमेरिका, यूरोपीय देशों और सभी अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का आभार जताया। उन्होंने कहा, "यूरोप के नेताओं का आज का बयान हमारी स्थिति को मजबूत करता है। हम उन सभी के आभारी हैं जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शांति और स्थिरता के लिए काम कर रहे हैं।"

जेलेंस्की के इस बयान को रूस-यूक्रेन युद्ध के संभावित समाधान की दिशा में एक मजबूत राजनीतिक संदेश माना जा रहा है, जो केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि स्थायी और व्यापक शांति की मांग पर केंद्रित है।

## भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला रविवार को लौटेंगे स्वदेश

### -पीएम मोदी से दिल्ली में करेंगे मुलाकात




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला रविवार को स्वदेश लौट रहे हैं। इस साल जून में वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। शुभांशु 18 दिन के मिशन के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे और तब से वे अमेरिका में पोस्ट-मिशन पुनर्वास कार्यक्रम से गुजर रहे थे। शनिवार को भारत लौटने से पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश साझा किया।

उन्होंने लिखा कि विमान में बैठते समय उनके दिल में कई तरह की भावनाएं थीं। एक ओर उन अजीज साथियों से दूर होने की उदासी थी, जो इस मिशन के दौरान एक साल तक परिवार जैसे रहे, वहीं दूसरी ओर अपने घर लौटने और परिवार से मिलने की उत्सुकता भी थी। उन्होंने लिखा, "शायद यही जीवन है सब कुछ एक साथ।"

शुक्ला ने कहा कि वे भारत लौटकर अपने अनुभव साझा करने के लिए उत्साहित हैं क्योंकि ये अनुभव आने वाले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान', जो 2027 में प्रस्तावित है, के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आईएसएस मिशन के दौरान उन्होंने इसरो के नेतृत्व में कई अहम प्रयोग किए। अंतरिक्ष में बिताए समय को याद करते हुए उन्होंने अपने कमांडर और नासा की अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन की बात दोहराई "अंतरिक्ष यात्रा में केवल एक चीज स्थायी है, और वह है बदलाव।" उन्होंने फिल्म 'स्वदेस' की पंक्तियां भी उद्त कीं "यूं ही चला चल राही जीवन गाड़ी है, समय पहिया," और कहा कि ये धरती पर भी लागू होती है।

वहीं लखनऊ में उनके परिवार का उत्साह चरम पर है। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा "हम बहुत खुश हैं कि मेरा बेटा वापस आ रहा है। हम उसे दिल्ली में मिलेंगे।" केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुक्ला सबसे पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे, उसके बाद लखनऊ जाएंगे और अपने परिवार से मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि शुक्ला ने "एक अरब सपनों को प्रेरित किया है" और भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को नई उड़ान दी है।

## अमृत उद्यान में तीन नए आकर्षण जुड़े, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया उद्घाटन



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में इस साल तीन नए आकर्षण जोड़े गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को प्लूमेरिया गार्डन, बरगद ग्रोव और बैबलिंग ब्रूक का उद्घाटन किया। ये तीनों उद्यान आम जनता के लिए 16 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक खुले रहेंगे। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के मुताबिक, प्लूमेरिया गार्डन घास के टीलों और विशेष रूप से लगाए गए पौधों से सजाया गया है। बरगद ग्रोव में रिफ्लेक्सोलॉजी पथ, पंचतत्व पथ और जंगल जैसे ध्वनि परिदृश्य तैयार किए गए हैं। वहीं बैबलिंग ब्रूक में झरनों, मूर्तिकला की टोंटियों, सीढ़ीनुमा पत्थरों और एक कुंड को शामिल किया गया है, जिससे यह जगह बेहद आकर्षक और शांत वातावरण प्रदान करती है।

इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रपति मुर्मू ने अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण 2025 का उद्घाटन किया था। इस बार यह संस्करण 16 अगस्त से 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

इस दौरान अमृत उद्यान रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा, जबकि अंतिम प्रवेश शाम 5:15 बजे तक ही मिलेगा। वहीं देखभाल के लिए उद्यान हर सोमवार को बंद रहेगा।

अमृत उद्यान में प्रवेश के लिए पंजीकरण अनिवार्य और निःशुल्क है। आगंतुक राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं या गेट नंबर 35 के बाहर बने स्वयं सेवा कियोस्क से सीधे पंजीकरण कर सकते हैं। अमृत उद्यान में प्रवेश नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से किया जा सकेगा। उद्यान में प्रवेश करने वाले आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें, बच्चों की दूध की बोतलें और छाते ले जा सकते हैं। इसके अलावा किसी अन्य वस्तु को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## चसोती गांव में बाढ़ त्रासदी: सीएम उमर अब्दुल्ला पहुंचे मौके पर

### -अब तक 60 शव बरामद, रेस्क्यू जारी



नई दिल्ली । जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चसोती गांव में गुरुवार को बादल फटने से आई भीषण बाढ़ के बाद राहत-बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शनिवार को घटनास्थल पहुंचे और बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। अब तक 60 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 50 से अधिक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। इस आपदा में अब तक 150 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बचाया गया है।

**भारतीय सेना से ली आपदा की जानकारी**

सीएम उमर अब्दुल्ला ने चसोती गांव में राहत कार्य का जायजा लेते हुए भारतीय सेना के जवानों से पूरी स्थिति की जानकारी ली। नुकसान की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए उन्होंने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट का भी इस्तेमाल किया।

**रेस्क्यू में जुटी टीमें**

भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के जवान लगातार खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं। राहत सामग्री भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचाई जा रही है।

**प्रधानमंत्री और उपराज्यपाल का बयान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आपदा पर गहरा दुख जताते हुए कहा, "मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।"

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही, अधिकारियों को बचाव और राहत अभियान तेज करने के निर्देश दिए।

चसोती गांव में आई इस भीषण बाढ़ को हाल के वर्षों की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जा रहा है, और प्रशासन का दावा है कि तब तक राहत और खोज अभियान जारी रहेगा जब तक हर लापता व्यक्ति का पता नहीं चल जाता।

## आईएमडी ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने शनिवार को चेतावनी दी है कि 16 अगस्त से 22 अगस्त तक देश के कई हिस्सों में गरज-चमक और आंधी के साथ भारी से अति भारी बारिश की आशंका है। आईएमडी के मुताबिक, कोकण, मध्य महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और सौराष्ट्र में 16 अगस्त और फिर 18 से 20 अगस्त के बीच बहुत भारी बारिश होगी। वहीं, तेलंगाना में 16 और 17 अगस्त को अति भारी वर्षा की आशंका है। तटीय कर्नाटक में भी 18 और 19 अगस्त को ऐसी ही स्थिति रहेगी।

मध्य और पूर्वी भारत में,दक्षिण विदर्भ में 16 अगस्त को और मध्य प्रदेश में 18 अगस्त को अति भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। इसके अलावा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बिहार में 18 से 22 अगस्त के बीच भारी वर्षा होने की आशंका है। वहीं उत्तर भारत में, उत्तराखंड में 16 और 17 अगस्त को भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है। पूर्वी राजस्थान में 19, 21 और 22 अगस्त को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी अलग-अलग दिनों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

पूर्वोत्तर भारत में, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में 16 से 22 अगस्त तक लगातार भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि कई इलाकों में 20 अगस्त तक 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

## भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोविन्द देव जी के किए दर्शन




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सपत्नीक जयपुर के आराध्य देव गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन किए। शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भगवान कृष्ण ने गीता में जो उपदेश दिए, वह आज भी हमारे जीवन को सार्थक बना रहे हैं। हम सभी को भगवान कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने कर्म की प्रधानता का संदेश दिया था। इसे आत्मसात कर हम सभी को विकसित भारत, विकसित राजस्थान के लिए मिलकर कार्य करना होगा। इसके पश्चात शर्मा ने जयनिवास बाग में ही देवस्थान विभाग के राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के मंदिर लक्ष्मीनारायण जी में भी दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने गोविन्द देव जी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अलास्का में ट्रंप और पुतिन की शिखर वार्ता सम्पन्न

### -यूक्रेन युद्ध पर जल्द ही जेलेंस्की और NATO नेताओं से होगी बातचीत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को (स्थानीय समयानुसार) अलास्का के एंकोरेज में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने कहा कि बैठक "अच्छी" रही और "काफी प्रगति" हुई है, लेकिन अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है। ट्रंप ने कहा कि वे जल्द ही नाटो (NATO), यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और अन्य नेताओं से फोन पर बात करेंगे। उन्होंने कहा, "हमने कई मुद्दों पर सहमति बनाई है, और समझौते तक पहुंचने की अच्छी संभावना है। लेकिन कोई डील तब तक नहीं होती जब तक वो पूरी न हो जाए।"

बैठक में ट्रंप के साथ विदेश मंत्री मार्को रुबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रूस की ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलूसोय और पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव मौजूद थे। तीन चरणों में होने वाली इस शिखर बैठक को छोटा कर सीधे दूसरे चरण की वार्ता की गई।

वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुतिन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध तब खत्म होगा जब इसके "मूल कारणों" को दूर किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अगर 2022 में ट्रंप राष्ट्रपति होते तो यह युद्ध नहीं होता। पुतिन ने कहा, "रूस यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के पक्ष में है, लेकिन हमें यूरोप और दुनिया में सुरक्षा का संतुलन बहाल करना होगा।"

पुतिन ने यूक्रेन और यूरोपीय नेताओं से अपील की कि वे "उभरती प्रगति में बाधा न डालें"। उन्होंने यह भी कहा कि रूस की "सच्ची इच्छा" है कि यह युद्ध खत्म हो। ट्रंप ने कहा कि वे समझौते पर यूक्रेन की सहमति को आवश्यक मानते हैं। उन्होंने दोहराया कि वे केवल बातचीत को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन अंतिम फैसला जेलेंस्की और यूक्रेन सरकार पर होगा। दोनों नेताओं ने रिपोर्टरों के सवाल नहीं लिए। पुतिन ने आठ मिनट तक भाषण दिया, जबकि ट्रंप ने चार मिनट तक बोलते हुए इसे "बहुत अच्छा और भरोसेमंद संपर्क" बताया।

बैठक के अंत में पुतिन ने अगली मुलाकात मॉस्को में करने का सुझाव दिया। इस पर ट्रंप ने कहा कि यह "विवादित" होगा लेकिन संभव है। ट्रंप ने कहा कि उनके और पुतिन के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, हालांकि 2016 के चुनाव में रूस हस्तक्षेप की जांच ने रिश्तों को जटिल बना दिया था। करीब तीन घंटे चली इस बैठक में युद्धविराम या किसी ढांचे पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। फिर भी दोनों नेताओं ने संकेत दिए कि वार्ता शांति की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### कोर्ट का हस्तक्षेप: मतदाता सूची में पारदर्शिता से लोकतंत्र का भरोसा मज़बूत

बिहार में जारी विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया पिछले कुछ समय से राजनीतिक हलकों और आम जनता के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। इस प्रक्रिया को लेकर विपक्ष ने गंभीर आपत्तियां जताईं और आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई जा रही पद्धति में प्रक्रियागत खामियां हैं। विपक्षी दलों ने आंदोलन के दौरान यहां तक कह दिया कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करने पर विचार कर सकते हैं। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक थी, क्योंकि चुनाव केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया ही नहीं बल्कि जनता के विश्वास का आधार भी हैं। ऐसे समय में सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप और दिए गए स्पष्ट निर्देश लोकतंत्र में भरोसे को मजबूती देने वाले साबित हुए हैं। कई दिनों की विस्तृत सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को ऐसे निर्देश दिए, जिनके लागू होने के बाद विशेष सघन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे लगभग सभी संदेह समाप्त हो सकते हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग की उस दलील को खारिज कर दिया, जिसमें आयोग ने मतदाता सूची में नाम की पात्रता तय करने के लिए केवल 11 प्रकार के दस्तावेज मान्य बताए थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को भी इन दस्तावेजों की सूची में शामिल किया जाए। यह फैसला न केवल व्यावहारिक है, बल्कि उन लाखों मतदाताओं के लिए राहत की खबर है, जिनके पास अन्य दस्तावेज न होने की स्थिति में आधार ही उनकी पहचान का मुख्य साधन है। इसके साथ ही अदालत ने एक और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया – जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनकी जानकारी पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग सभी प्रमुख अखबारों, आधिकारिक वेबसाइट्स और सरकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हटाए गए नामों की सूची प्रकाशित करे, साथ ही यह भी स्पष्ट करे कि नाम क्यों हटाया गया। यह निर्देश न केवल पारदर्शिता को बढ़ाएगा, बल्कि मतदाता स्वयं यह जांच सकेंगे कि उनका नाम बिना वजह तो नहीं हटाया गया है और यदि गलती से हट गया हो तो समय रहते सुधार करवा सकें। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन किसी भी संस्था के कार्यों को लेकर जब बड़े पैमाने पर संदेह उत्पन्न हो जाए और जनता का विश्वास डगमगाने लगे, तो ऐसी स्थिति में स्वतंत्र न्यायपालिका का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है। यही हमारे संविधान की खूबसूरती है कि किसी एक संस्था पर अत्यधिक शक्ति केंद्रित होने के बावजूद दूसरी संस्था उसके ऊपर निगरानी रख सकती है और आवश्यक होने पर सुधार के लिए बाध्य कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय हमें उस ऐतिहासिक घटना की याद भी दिलाता है, जब वर्षों तक चुनावी बांड व्यवस्था लागू रहने के बाद, तमाम बहस और कानूनी प्रक्रियाओं के उपरांत अदालत ने इसे असंवैधानिक ठहराते हुए समाप्त कर दिया था। तब भी अदालत का कदम लोकतंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही को पुनः स्थापित करने वाला साबित हुआ था। यह सच है कि कभी-कभी न्यायपालिका की प्रतिक्रिया प्रक्रियात्मक कारणों से विलंबित होती है, लेकिन जब उसका निर्णय आता है

# चीन का नया खेल: मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट्स और दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर रोक से बढ़ाया दबदबा

## -व्यापार से रणनीति तक: कैसे चीन निर्यात पर रोक से वैश्विक राजनीति बदल रहा है

दुनिया के आधुनिक औद्योगिक परिदृश्य में चीन एक ऐसा नाम है जिसने महज़ चार दशकों में खुद को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित कर लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर भारी मशीनरी, दुर्लभ खनिजों से लेकर सेमीकंडक्टर उपकरणों तक—चीन की फैक्ट्रियों से निकलने वाली वस्तुएँ पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए रीढ़ का काम करती हैं। लेकिन अब चीन इस औद्योगिक ताक़त को सिर्फ व्यापार के लिए नहीं, बल्कि एक रणनीतिक हथियार के रूप में भी इस्तेमाल कर रहा है। हाल ही में उसने मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट्स और 700 से अधिक जरूरी वस्तुओं के निर्यात पर लाइसेंस आधारित नियंत्रण लागू किया है। यह कदम केवल आर्थिक नीति नहीं बल्कि एक सोची-समझी भू-राजनीतिक चाल है, जिसके असर दूरगामी होंगे।

**पृष्ठभूमि – वैश्विक व्यापार में चीन का दबदबा**

चीन की यह स्थिति एक दिन में नहीं बनी। 1978 में देंग शियाओपिंग के आर्थिक सुधारों के बाद चीन ने निर्यात आधारित औद्योगिकीकरण की राह पकड़ी। सस्ते श्रम, तेज़ उत्पादन क्षमता और आक्रामक सरकारी नीतियों ने विदेशी कंपनियों को चीन में निवेश करने के लिए आकर्षित किया। 2001 में विश्व व्यापार संगठन (WTO) में शामिल होने के बाद चीन का निर्यात तेज़ी से बढ़ा। 2020 तक, चीन ने दुनिया के कुल मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 28% हिस्सेदारी हासिल कर ली। स्मार्टफोन, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, स्टील, और मशीन टूल्स—लगभग हर क्षेत्र में चीन का दबदबा बन गया। इस दबदबे ने चीन को सिर्फ आर्थिक शक्ति ही नहीं, बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन का 'कंट्रोल टॉवर' बना दिया।

**चीन की नई निर्यात नीति – 700 वस्तुएं लाइसेंस दायरे में**

दिसंबर 2024 से लागू हुई चीन की नई नीति के तहत मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट, हाई-टेक मशीनरी, दुर्लभ खनिज, और कई अहम औद्योगिक घटकों को निर्यात लाइसेंस की अनिवार्यता में ला दिया गया है। कुल 700 से अधिक वस्तुएं इस सूची में शामिल हैं। लाइसेंस जारी करने से पहले चीनी अधिकारी खरीदार की पहचान, देश, और उपयोग की प्रकृति की कड़ी जांच करते हैं। पश्चिमी देशों के हथियार निर्माताओं को इन वस्तुओं की सप्लाई रोक दी गई है, जबकि मित्र देशों को प्राथमिकता दी जाती है। इसका मकसद साफ है—चीन अपनी तकनीक और संसाधनों का प्रवाह केवल उन्हीं तक सुनिश्चित करना चाहता है जो उसकी राजनीतिक और रणनीतिक लाइन में हैं।

**दुर्लभ खनिजों पर रोक – दुनिया में हड़कंप**

अप्रैल 2025 में चीन ने कुछ महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों (Rare Earth Minerals) के निर्यात पर रोक लगा दी। ये खनिज हाई-टेक उत्पादों के लिए बेहद जरूरी हैं: नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम – पवन टर्बाइन और इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर्स में, गैलियम और जर्मेनियम – सेमीकंडक्टर और ऑप्टिकल फाइबर में, लिथियम और कोबाल्ट – बैटरियों में, दुनिया में दुर्लभ खनिजों की खपत का लगभग 70% उत्पादन चीन करता है। जब चीन ने यह आपूर्ति रोकी, तो जापान, अमेरिका और यूरोप के उद्योगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देशों को तो अपने रक्षा उत्पादन प्रोजेक्ट तक रोकने पड़े।

**अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध और अस्थायी युद्धविराम**

पिछले एक दशक में अमेरिका और चीन के बीच "ट्रेड वॉर" का सबसे अहम पहलू तकनीकी प्रभुत्व की होड़ रहा है। अमेरिका ने चीनी टेक कंपनियों (जैसे हुवावे) पर पाबंदियां लगाईं। चीन ने जवाब में अमेरिकी चिप्स और मैन्युफैक्चरिंग उपकरणों की सप्लाई पर रोक लगाई। 2025 की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और शी जिनपिंग के बीच समझौते के बाद कुछ सप्लाई बहाल हुई। लेकिन यह युद्धविराम अस्थायी है—दोनों देश जानते हैं कि यह टकराव "नई ठंडी जंग" की टेक्नोलॉजी फ्रंट पर लड़ा जाएगा।

चीन का मकसद – आर्थिक हथियार से भू-राजनीतिक फायदा चीन की रणनीति तीन स्तरों पर काम करती है: वैश्विक सप्लाई चेन का नियंत्रण – जिससे वह दबाव बना सके। राजनीतिक प्रभाव – मित्र देशों को तकनीकी लाभ देकर रिश्ते मजबूत करना। प्रतिद्वंदियों को कमजोर करना – उनके रक्षा और हाई-टेक उद्योगों में रुकावट डालना। यह तरीका नया नहीं है—ऊर्जा निर्यातक देशों ने तेल को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था, अब चीन टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट्स को हथियार बना रहा है।

**पश्चिमी देशों के हथियार उद्योग पर असर**

अमेरिका और यूरोप के रक्षा निर्माता चीन के उपकरणों और खनिजों पर गहरी निर्भरता रखते हैं। चीन की पाबंदियों के कारण: कई मिसाइल गाइडेंस सिस्टम और फाइटर जेट इलेक्ट्रॉनिक्स की डिलीवरी में देरी हुई। वैकल्पिक सप्लायर ढूँढना महंगा और समय-साध्य है। ऑस्ट्रेलिया और भारत को संभावित स्रोत माना जा रहा है, लेकिन उनके उत्पादन की क्षमता अभी सीमित है।

**भारत के लिए चुनौतियाँ और अवसर**

भारत के लिए यह स्थिति दो पहलुओं में देखी जा सकती है—खतरा भी, अवसर भी।



**चुनौतियाँ: मैन्युफैक्चरिंग मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स में चीन पर निर्भरता, दुर्लभ खनिजों के प्रोसेसिंग की घरेलू क्षमता का अभाव**

अवसर: "मेक इन इंडिया" और PLI स्कीम के जरिए वैकल्पिक सप्लायर बनना खनिज खोज में निवेश—ओडिशा, राजस्थान, और आंध्र प्रदेश में संभावनाएं, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ क्रिटिकल मिनरल पार्टनरशिप, अगर भारत अगले 5-10 साल में इन क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल कर ले, तो वह न सिर्फ घरेलू जरूरत पूरी करेगा बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन सकता है।

**भविष्य की दिशा – संभावित परिदृश्य**

अगर चीन निर्यात नियंत्रण को और कड़ा करता है, तो: वैश्विक सप्लाई चेन का विभाजन तेज़ होगा। "फ्रेंडशोरिंग" (सिर्फ मित्र देशों में उत्पादन) और "डिकप्लिंग" (अलग-थलग होना) की प्रवृत्ति बढ़ेगी। भारत, वियतनाम, मेक्सिको जैसे देशों को नए अवसर मिलेंगे। दूसरी ओर, अगर पश्चिमी देश और चीन फिर से बातचीत कर लें, तो स्थिति थोड़ी स्थिर हो सकती है—लेकिन यह स्थिरता स्थायी नहीं होगी, क्योंकि भरोसे की कमी गहरी हो चुकी है। चीन की नई निर्यात नीति महज़ एक आर्थिक कदम नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक शतरंज की चाल है। यह दुनिया के लिए एक चेतावनी भी है कि किसी एक देश पर अंधाधुंध निर्भरता खतरनाक हो सकती है।

भारत के लिए यह समय सतर्क और सक्रिय रहने का है—सप्लाई चेन विविध करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाना, और रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना। चीन की यह नीति एक दो धार वाली तलवार है—जिससे वह अपने विरोधियों को चोट भी पहुँचा सकता है और खुद को अलग-थलग भी कर सकता है। दुनिया का अगला आर्थिक और तकनीकी अध्याय इसी ताकत की खींचतान पर लिखा जाएगा। चीन की इस नई निर्यात नीति के असर को समझने के लिए हमें यह देखना होगा कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में तकनीकी उपकरण, मशीनरी और दुर्लभ खनिज कितने अहम हो चुके हैं। आज की दुनिया में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन, हवाई जहाज, उपग्रह, मेडिकल उपकरण, और यहाँ तक कि आधुनिक खेती के लिए इस्तेमाल होने वाली मशीनें—सब किसी न किसी रूप में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग उपकरण और दुर्लभ खनिजों पर निर्भर हैं। ऐसे में अगर इनका प्रवाह किसी एक देश के हाथ में हो, तो वह देश पूरी दुनिया पर दबाव बनाने की क्षमता रखता है। यही वह ताकत है जिसे चीन अब पूरी तरह इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका और यूरोप में इस नीति को लेकर बेचैनी साफ दिखती है। चीन पर पहले से ही आरोप लगते रहे हैं कि वह वैश्विक व्यापार में अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए करता है। लेकिन इस बार मामला और गंभीर है, क्योंकि इसमें केवल व्यापार नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का पहलू भी जुड़ा हुआ है। अगर किसी देश को अपने रक्षा उद्योग के लिए जरूरी मशीनरी या खनिज समय पर न मिलें, तो उसकी सैन्य क्षमता सीधे प्रभावित होती है। यही कारण है कि अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ अब मिलकर नए सप्लाई नेटवर्क बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह समय बेहद संवेदनशील है। एक ओर चीन से आने वाले उपकरणों और कंपोनेंट्स पर निर्भरता कम करना जरूरी है।

# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ता जलवायु संकट: एशिया वैश्विक औसत से दोगुनी रफ्तार से गर्म हो रहा है

## -WMO की 'स्टेट ऑफ द क्लाइमेट इन एशिया 2024' रिपोर्ट में खुलासा

दुनिया जिस जलवायु संकट के दौर से गुजर रही है, उसमें एशिया का तापमान वृद्धि का रुझान वैश्विक औसत से कहीं अधिक तेज़ है। वर्ल्ड मीट्रोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (WMO) की नवीनतम रिपोर्ट "स्टेट ऑफ द क्लाइमेट इन एशिया 2024" ने इस सच्चाई को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। रिपोर्ट बताती है कि एशिया में तापमान वृद्धि की रफ्तार वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी है। यह कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि आज और अभी घट रही वास्तविकता है, जो समाज, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रही है।

**2024: अब तक का सबसे गर्म वर्ष**

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में वैश्विक सतही औसत तापमान 1850-1900 के पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.55°C अधिक रहा। यह 2023 के 1.45°C के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अब तक का सबसे गर्म वर्ष बन गया। रिपोर्ट में शामिल छह वैश्विक डेटा सेट्स में से सभी ने इस रिकॉर्ड को प्रमाणित किया। यह प्रवृत्ति कोई एक-दो साल की घटना नहीं है, बल्कि 2015 से लगातार चल रही गर्माहट का हिस्सा है। चेतावनी का संकेत: यह वृद्धि केवल वैज्ञानिकों के शोध-पत्रों तक सीमित नहीं है। अब इसके प्रभाव हमारी रोज़मर्रा की जिंदगी, कृषि उत्पादन, जल संसाधन और स्वास्थ्य पर सीधे देखे जा सकते हैं।

**एशिया में तापमान वृद्धि की स्थिति**

2024 में एशिया का औसत तापमान 1991-2020 के औसत से 1.04°C अधिक रहा। यह वृद्धि वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से हो रही है। सबसे तेज़ वार्मिंग उत्तरी एशिया और हिमालयी-पर्वतीय क्षेत्रों में देखी गई है।

हिमालय और पर्वतीय क्षेत्रों पर खतरा

पर्वतीय क्षेत्रों, खासकर हिमालय, हिन्दकुश और तिब्बत पठार (जिन्हें "तीसरा ध्रुव" कहा जाता है), पर ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार चिंताजनक है। 1970 के दशक से अब तक कई ग्लेशियरों का द्रव्यमान 20% से अधिक कम हो चुका है। बर्फ की मोटाई में साल-दर-साल गिरावट हो रही है, जिससे जल प्रवाह के पैटर्न बदल रहे हैं। यह स्थिति एशिया की प्रमुख नदियों — गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, यांग्ज़ी और मेकांग — के जल-स्रोत को खतरे में डाल रही है।

**कारण: एशिया में वार्मिंग क्यों तेज़ है?**

औद्योगीकरण और शहरीकरण की तेज़ रफ्तार, चीन, भारत, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे देशों में कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस पर निर्भरता अभी भी अधिक है।

**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन**

ऊर्जा उत्पादन, परिवहन, औद्योगिक प्रक्रियाओं से भारी मात्रा में $CO_2$, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन। वनों की कटाई और भूमि-उपयोग परिवर्तन, पर्वतीय क्षेत्रों और जलस्रोतों के आसपास तेजी से हो रही कटाई जलवायु को और अस्थिर बना रही है। एल नीनो और ला नीना जैसी मौसमी घटनाएँ, ये घटनाएँ वर्षा पैटर्न, तापमान और समुद्री सतह के तापमान पर असर डालती हैं। कृषि पद्धतियों में बदलाव, बड़े पैमाने पर रासायनिक खाद और पानी की खपत से मिट्टी की नमी व जैविक क्षमता घट रही है।

**जलवायु आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति**

2024 में एशिया में जलवायु-जनित आपदाओं की संख्या और तीव्रता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई: बाढ़: दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया में बेमौसम और अतिवृष्टि से करोड़ों लोग प्रभावित। सूखा:



मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और अफगानिस्तान में गंभीर सूखा, जिससे फसलें चौपट हुईं। गर्मी की लहरें: भारत, पाकिस्तान, चीन और खाड़ी देशों में रिकॉर्ड तोड़ तापमान, जिससे स्वास्थ्य संकट और मृत्यु दर में वृद्धि। तूफान और चक्रवात: फिलीपींस, जापान और बांग्लादेश में भीषण चक्रवातों ने तबाही मचाई।

**समाज और अर्थव्यवस्था पर असर**

कृषि उत्पादन में गिरावट , गेहूं, चावल, मक्का जैसी मुख्य फसलों की पैदावार पर असर। बेमौसम बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव से किसान आर्थिक संकट में।

**जल संकट**

ग्लेशियरों के पिघलने और वर्षा पैटर्न बदलने से नदियों का प्रवाह अस्थिर। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा रहा है।

**स्वास्थ्य पर प्रभाव**

हीटवेव से हृदय और श्वसन रोगों में बढ़ोतरी। दूषित पानी और बाढ़ के बाद फैलने वाली बीमारियाँ। पर्यटन और पारिस्थितिकी , बर्फ़ीले पर्यटन स्थलों की आकर्षण क्षमता घट रही है। जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो रहे हैं।

**वैज्ञानिक चेतावनियाँ**

WMO और संयुक्त राष्ट्र के जलवायु वैज्ञानिक स्पष्ट कह चुके हैं: अगर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो सदी के अंत तक एशिया का औसत तापमान 3°C से अधिक बढ़ सकता है। यह वृद्धि "टिपिंग पॉइंट" (ऐसी स्थिति जहां से वापसी असंभव) के करीब ले जाएगी।

**समाधान के रास्ते**

नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार, सौर, पवन और जल-ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता देना। कोयले और तेल आधारित बिजलीघरों को धीरे-धीरे बंद करना।

**क्षेत्रीय सहयोग**

हिमालयी और मध्य एशियाई देशों के बीच साझा जल-संसाधन प्रबंधन की योजना। आपदा प्रबंधन और चेतावनी प्रणालियों को सीमा-पार साझा करना।

अनुकूलन (Adaptation) रणनीतियाँ

जल-संरक्षण तकनीक, सूखा-रोधी फसलें, और स्मार्ट सिंचाई प्रणाली। शहरों में हरित अवसंरचना और हीटवेव से बचाव के उपाय।

**उत्सर्जन में कटौती**

सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, इलेक्ट्रिक वाहन अपनाना। उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाना। पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यावरण-हितैषी पर्यटन। वनों का संरक्षण और वृक्षारोपण अभियान। एशिया की तेजी से बढ़ती गर्माहट केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि हमारे जीवन, रोजगार और भविष्य पर मंडराता वास्तविक खतरा है। स्टेट ऑफ द क्लाइमेट इन एशिया 2024 रिपोर्ट हमें यह साफ संकेत देती है कि समय अब निकलता जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों की बर्फ़ केवल ग्लेशियर का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की जल और खाद्य सुरक्षा का आधार है।

# बेगम हज़रत महल: अवध की शेरदिल रानी और 1857 की क्रांति की नायिका

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 1857 की क्रांति एक ऐसे निर्णायक मोड़ के रूप में दर्ज है, जिसने अंग्रेज़ी हुकूमत की जड़ों को हिला दिया था। यह क्रांति केवल सिपाहियों का विद्रोह नहीं थी, बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में रियासतों, किसानों, मज़दूरों और आम जनता के बीच आज़ादी की ललक का उभार था। इसी क्रांति के पन्नों में एक नाम विशेष रूप से चमकता है – बेगम हज़रत महल। वे अवध (लखनऊ) की रानी थीं, जिन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ खुला मोर्चा खोलकर यह साबित किया कि महिलाओं में भी अदम्य साहस और नेतृत्व की क्षमता है। अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने न केवल रणभूमि में डटकर मुकाबला किया, बल्कि रणनीतिक और राजनीतिक मोर्चों पर भी अद्वितीय योगदान दिया।

**प्रारंभिक जीवन**

बेगम हज़रत महल का जन्म लगभग 1820 के आसपास फ़ैज़ाबाद में हुआ था। उनका असली नाम मुहम्मदी ख़ाना था। बचपन में ही वे लखनऊ आ गईं और नवाब वाजिद अली शाह के हरम में एक 'ख़वासा' (महिला सेविका) के रूप में शामिल हुईं। बाद में उनकी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और शालीनता के कारण वे बेगम के पद पर आसीन हुईं और 'हज़रत महल' के नाम से मशहूर हुईं। वाजिद अली शाह से उनका विवाह हुआ और वे उनके पुत्र बरक़त अली (जिसे बाद में बिरजिस क़द्र के नाम से जाना गया) की माँ बनीं।

**अवध का विलय और राजनीतिक संकट**

1856 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 'लैप्स का सिद्धांत' और 'कुशासन' के बहाने अवध को अपने कब्ज़े में ले लिया। अंग्रेज़ गवर्नर-जनरल लॉर्ड डलहौज़ी ने वाजिद अली शाह को पदच्युत कर कलकत्ता भेज दिया। यह निर्णय अवध की जनता के लिए अपमानजनक और असहनीय था। अवध की जनता को नवाब से गहरा लगाव था और ब्रिटिश शासन के इस अन्यायपूर्ण कदम ने पूरे प्रांत में असंतोष की चिंगारी भड़का दी। इसी समय बेगम हज़रत महल आगे आईं और उन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत को चुनौती देने की ठानी।

**1857 की क्रांति में नेतृत्व**

जब 1857 में मेरठ से क्रांति की चिंगारी भड़की और जल्दी ही कानपुर, झांसी, दिल्ली तक फैल गई, तो अवध भी इससे अछूता नहीं रहा। लखनऊ में बेगम हज़रत महल ने अपने नाबालिग बेटे बिरजिस क़द्र को गद्दी पर बैठाया और स्वयं उसकी संरक्षिका बनकर सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने स्थानीय ज़मींदारों, सिपाहियों और आम जनता को एकजुट किया। उनके नेतृत्व में अवध की जनता ने अंग्रेज़ों के खिलाफ कई मोर्चे संभाले।

**लखनऊ का विद्रोह और Residency की घेराबंदी**

लखनऊ में अंग्रेज़ों का मुख्य ठिकाना रेज़ीडेंसी था, जो एक तरह से किले का काम करता था। बेगम हज़रत महल के आदेश पर विद्रोही सिपाहियों और स्थानीय बलों ने रेज़ीडेंसी को घेर लिया। यह घेराबंदी कई महीनों तक चली और अंग्रेज़ों के लिए भारी मुसीबत बन गई। बेगम ने न केवल सैनिकों को प्रेरित किया, बल्कि रणनीति बनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने अलग-अलग इलाकों से लड़ाके बुलाकर अंग्रेज़ों की रसद लाइन काटने की कोशिश की।

**धार्मिक और सामाजिक एकता की मिसाल**

बेगम हज़रत महल का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने हिंदू और मुस्लिम, दोनों समुदायों को एकजुट रखा। उन्होंने फ़ैसला किया कि अवध की लड़ाई किसी एक वर्ग की नहीं, बल्कि पूरी मातृभूमि की लड़ाई है। उन्होंने अयोध्या के हिंदू नेताओं से संपर्क किया और धार्मिक स्थलों की रक्षा का आश्वासन दिया। इससे विद्रोह में साम्प्रदायिक एकता और भी मजबूत हुई।

**ब्रिटिश प्रतिक्रिया और संघर्ष की कठिनाइयाँ**

अंग्रेज़ों ने अवध पर दोबारा कब्ज़ा करने के लिए भारी सेना भेजी। आधुनिक हथियारों और बेहतर रसद व्यवस्था के कारण अंग्रेज़ धीरे-धीरे लखनऊ के कई हिस्सों पर काबिज होते गए।



बेगम हज़रत महल को न केवल अंग्रेज़ों के सैन्य बल का सामना करना पड़ा, बल्कि कुछ स्थानीय गद्दारों और राजनीतिक असहमति का भी सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। जब लखनऊ अंग्रेज़ों के हाथों में चला गया, तब भी उन्होंने ग्रामीण इलाकों और आसपास के जिलों से लड़ाई जारी रखी।

**नेपाल में शरण**

अंग्रेज़ों के बढ़ते दबाव और संसाधनों की कमी के कारण बेगम हज़रत महल को अंततः लखनऊ छोड़ना पड़ा। वे अपने बेटे बिरजिस क़द्र के साथ नेपाल चली गईं। नेपाल के राजा जंग बहादुर ने शुरू में उन्हें शरण देने से इनकार किया, लेकिन बाद में मानवीय आधार पर उन्हें रहने की इजाज़त दे दी। बेगम ने नेपाल में रहते हुए भी अंग्रेज़ों के खिलाफ अपीलें जारी रखीं और भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास किया।

**अंग्रेज़ों से समझौते से इनकार**

अंग्रेज़ी हुकूमत ने कई बार उन्हें समझौते का प्रस्ताव दिया, जिसमें उन्हें पेंशन और आरामदेह जीवन का लालच दिया गया, बशर्ते वे राजनीतिक गतिविधियाँ छोड़ दें। लेकिन बेगम हज़रत महल ने इन प्रस्तावों को ठुकरा दिया। उनका कहना था – "हम गुलामी की ज़िन्दगी से बेहतर सम्मान की मौत को चुनेंगे।"

**अंतिम दिन और मृत्यु**

बेगम हज़रत महल ने अपने शेष जीवन के वर्ष नेपाल में ही बिताए। 1879 में उनका निधन हुआ और उन्हें काठमांडू की एक मस्जिद के पास दफ़नाया गया। उनकी कब्र आज भी गुमनाम सी है, लेकिन उनकी वीरता की गाथा भारतीय इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज है।

**योगदान और विरासत**

बेगम हज़रत महल का योगदान केवल एक क्षेत्रीय विद्रोह तक सीमित नहीं था। वे महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक हैं। उनके संघर्ष से कई बातें स्पष्ट होती हैं – नेतृत्व क्षमता – उन्होंने साबित किया कि कठिन परिस्थितियों में भी महिलाएं सेना का नेतृत्व कर सकती हैं। धार्मिक एकता – उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अदम्य साहस – उन्होंने हार स्वीकार करने के बजाय अंत तक संघर्ष किया।

**आधुनिक भारत में स्मरण**

भारत सरकार ने 1984 में उनकी याद में डाक टिकट जारी किया। लखनऊ में 'बेगम हज़रत महल पार्क' उनके नाम पर बनाया गया है, जहां हर साल 1857 की क्रांति के योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी जाती है। स्कूलों, कॉलेजों और स्वतंत्रता संग्राम के अध्यायों में उनका नाम आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करता है। बेगम हज़रत महल का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा देशभक्ति का जज़्बा न तो परिस्थितियों से डरता है और न ही ताक़तवर दुश्मन से।

उन्होंने अपने बेटे के भविष्य की परवाह किए बिना मातृभूमि की आज़ादी को प्राथमिकता दी।

# राज्यपाल बागडे ने आदिवासी गांव बरोड़ा में की रात्रि चौपाल

## - शिक्षा से ही गरीबी दूर होगी - बागडे



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शनिवार को सलूंबर जिले के ग्राम बरोड़ा पहुंचे। उन्होंने वहां रात्रि चौपाल में भाग लिया। इस दौरान आदिवासी लोगों से आत्मीय संवाद किया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उनका अभिनंदन करते हुए लोक नृत्य प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने खाट पर बैठकर मेवाड़ के प्रसिद्ध गवरी नृत्य को देखा। उन्होंने भील समाज किस तरह से नाट्य नृत्यानुष्ठान करते है उसके बारे में विस्तृत जानकारी ली। बाद में उन्होंने खाट पर बैठकर ही लाभार्थियों से संवाद किया एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजना का लाभ ले।

राज्यपाल ने जनजातीय लोगों से आत्मीयता से चार पाई पर बैठकर बातचीत की, उन्हें सुना और अधिकारियों को उनके कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

बरोड़ा गांव में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए राज्यपाल बागडे ने कहा कि मेवाड़ की धरती वीरों की धरती है आदिवासी समाज ने महाराणा प्रताप को मुगलों के साथ युद्ध में बहुत सहायता की। उन्होंने कहा कि समाज के इन महान लोगों के योगदान को हमें भूलना नहीं है। राणा प्रताप आज भी हमारे दिल मे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सतत उत्थान का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। इसलिए अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देवें और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करे और उच्च शिक्षा से पहले शादी नहीं करवाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कहावत है पूत सिखावे पालने, यहां जब पालने में बच्चा होता है तब से सीखना प्रारंभ कर देता है। अच्छी शिक्षा के लिए सरकार ने आवासीय छात्रावास भी बनाएं हैं, उनका ज्यादा से ज्यादा लाभ लें और यहां के बच्चे बड़े उच्च अधिकारी बनें। गरीबी दूर करनी है तो केवल शिक्षा से दूर हो सकती है इसलिए बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करे।

उन्होंने कहा कि आप किसी से कम नहीं हैं, स्वयं को किसी से कम नहीं आंके। आप भी पढ़ाई के माध्यम से उच्च पदों तक पहुँच सकते हैं। उन्होंने आमजन से नशे और अन्य प्रकार के व्यसन से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि और आरोग्य योजना के माध्यम से गरीब और आदिवासी समुदाय के लोग मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के माध्यम से उच्च स्तर की शिक्षा निःशुल्क मुहैया करवाई जा रही है।

# मदरसे में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया




धौलपुर (रॉयल पत्रिका)। मदरसा गुलशने बगदादिया पुरानी सराय धौलपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ उर्दू अध्यापक असलम खान धौलपुर ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के बारे में बताया एवं हमें आजादी कैसे मिली उसके बारे में बताया व मदरसे की कार्यप्रणाली के बारे में बताया व मदरसे के स्टाफ रूम के लिए 11000/- रुपए दिए एवं विगत सत्र 5वीं कक्षा टॉपर छात्र वरुण के पिता ने मनीष कुमार कुशवाह द्वारा मदरसे में भामाशाह बन तीन कक्षाओं में लाइट फिटिंग के लिए कहा गया एवं संस्था प्रधान नौशाद खान द्वारा अतिथियों का माला साफ़ा एवं छात्र वरुण को सील्ड दी गई। विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद यश तिवारी ने बताया कि आज का दिन केवल अपने इतिहास को याद करने का नहीं है बल्कि यह तारीख हमें हमारे वर्तमान और भविष्य की दिशा तय करने की याद दिलाती है विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में हमने विश्व में अपनी एक नई पहचान बनाई है।

और आगे भी हम अपने देश का नाम रोशन करेंगे एवं उनके द्वारा सभी को मिठाई वितरीत की गई, समाज सेवी मुस्तफा जी द्वारा छात्रों को कलर बॉक्स वितरीत किए गए, एवं बीएलओ रामबरन जी द्वारा मतदान हेतु सभी को शपथ दिलाई गई, समाजसेवक एवं भामाशाह आमिल खान एवं अन्य समारोह में उपस्थित अतिथियों ने भी अपने अपने विचार रखें इस अवसर पर मदरसा संरक्षक रईस कदिरी, मदरसा सदर नियाज मोहम्मद, मदरसा सचिव इसरार खान, निजाम भाई, जहूर भाई, मुन्ना खान, पप्पू भाई, किशन कुशवाह, मुकेश कुशवाह, कलुआ कुशवाह,मदरसा संस्था प्रधान नौशाद खान, मदरसा शिक्षक राजेश कुमार शर्मा, रजिया खातून, आसमा खातून, कुक कम हेल्पर नसीबन, अनीशा, अमीना व अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी को मिस्थान वितरित किया गया।

# रा उ मा वि टोडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

## -भामाशाह कुड़ी ने टोडी के विद्यालय में 53,000 रुपए नकद दिए




मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन लाल कुड़ी एडवोकेट भामाशाह एवं अध्यक्षता ओम प्रकाश जाट सरपंच ग्राम पंचायत टोडी ने की। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और प्रधानाचार्य मदन लाल रैगर ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और स्वतंत्रता दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता सेनानीयों एवं देश के वीर शहिदों को नमन किया।

मुख्य अतिथि मोहन लाल कुड़ी एडवोकेट भामाशाह ने इस अवसर पर 53000 रुपए नकद दिए जिनमें से 33000/- 10 वीं, ग्यारवीं एवं 12 वीं में टोपर विद्यार्थियों को 11000, 11000 रुपए नकद पुरस्कार दिया गया और 20,000/- रुपए कार्यक्रम हेतु प्रदान किये और विद्यालय के भवन का कलर पेंट जून में 2,50,000 रुपए की लागत से करवाया और इस सत्र में विद्यालय की रसोई घर में और रसोई घर के बरामदा में कोटा स्टोन लगाने और विद्यालय भवन के बरामदा में टूटी स्केटिंग की मरम्मत कोटा स्टोन से करवाने की घोषणा की और कहा कि पिछले वर्ष जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुए और इस वर्ष राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान से सम्मानित करवाने का प्रयास किया जाएगा।

ध्यान रहे कि शिक्षा विभाग में तीस लाख और अधिक का डोनेशन करने पर राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान मिलता है। नरेन्द्र कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य शाहपुरा ने पांच टिन शेड 12/4 लागत 7500 देने घोषणा की। धर्मपाल जींजवाडिया ने 5100/- नकद भेंट किए। सुरज्ञान गुर्जर ने छात्र छात्राओं को 11000/- नकद ईनाम दिया जिन्होंने 85% या अधिक अंक बोर्ड परीक्षा में हांसिल किये थे। ओम प्रकाश जाट सरपंच साहब ने कक्षा 1-12 तक टोपर विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से कुड़ी साहब का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर समस्त स्टाफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रीमती शारदा देवी व्याख्याता, श्रीमती सोनू अग्रवाल व्याख्याता, डॉ राजेश चंद जीतरवाल व्याख्याता, बोदी लाल जाट व.अ. श्रवण लाल गुर्जर व.अ. जलालुद्दीन व.अ., महेश चंद यादव व.अ., देवी सहाय जाट व. अ., राम गोपाल बुनकर अध्यापक, कन्हैयालाल यादव अध्यापक, राम किशोर यादव शारीरिक शिक्षक, महेन्द्र मीणा बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक, मनीष शर्मा पंचायत शिक्षक, श्रीमती जयंती सोगरा अध्यापक, श्रीमती अर्चना बेनीवाल अध्यापक एवं शिम्भू दयाल जींजवाडिया वार्ड पंच, लक्ष्मण जाट, नानग राम जाट, धर्मपाल जींजवाडिया, सुर ज्ञान गुर्जर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवी सहाय जाट व.अ. ने किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर कारागार विभाग के चार अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक



| श्री रमाकांत शर्मा | योगेश तेजी | सुगर सिंह | लोकोज्ज्वल सिंह |
|---|---|---|---|
| उपाधीक्षक | अधीक्षक | उप कारापाल | उप कारापाल |

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर राजस्थान कारागार विभाग के लिए गौरव का क्षण रहा, जब विभाग के चार अधिकारियों को उत्कृष्ट सुधारात्मक सेवाओं के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति पदक प्रदान किए जाने की घोषणा हुई। महानिदेशक कारागार गोविंद गुप्ता ने बताया कि पदक विजेताओं में सर्वप्रथम रमाकांत शर्मा, उपाधीक्षक मुख्यालय कारागार (वर्तमान में उपमहानिरीक्षक मुख्यालय कारागार) को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से नवाजा गया है। इनके अलावा तीन अन्य अधिकारियों योगेश तेजा, उपाधीक्षक (वर्तमान अधीक्षक, जिला कारागृह हनुमानगढ़), सुगर सिंह गुर्जर, उप कारापाल जिला कारागृह जयपुर, एवं लोकोज्ज्वल सिंह, उप कारापाल जिला कारागृह टोंक—को भी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि रमाकांत शर्मा वर्ष 2018 में भी राष्ट्रपति पदक प्राप्त कर चुके हैं। इस तरह वे विभाग के ऐसे दूसरे अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने दो बार यह सम्मान हासिल किया है। इससे पहले वर्ष 2006 में राजेन्द्र सिंह, उपाधीक्षक को यह उपलब्धि मिली थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कारागार मुख्यालय में भव्य परेड एवं समारोह आयोजित किया गया। महानिदेशक कारागार गोविन्द गुप्ता ने पदक विजेताओं को बधाई दी और विभाग के अन्य कार्मिकों को प्रेरित किया कि वे भी अपनी सेवाओं से विभाग का मान बढ़ाएं। इस अवसर पर चार अधिकारियों- रामसुख जाटोलिया (वित्तीय सलाहकार), दिनेश मीणा (अति. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कारागार जयपुर), विनोद टेलर (वरिष्ठ लेखाधिकारी), एवं पियुष कुमार अग्रवाल (उप निदेशक उद्योग) को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य के लिए 22 अन्य अधिकारियों/ कार्मिकों को "अति उत्तम सेवा चिन्ह" एवं "उत्तम सेवा चिन्ह" भी दिए गए।

अति उत्तम सेवा चिन्ह प्राप्त करने वालों में लोकोज्ज्वल सिंह, अमर चन्द्र शर्मा, नरेन्द्र कुमार बैवा, सुरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह और नरेन्द्र कुमार शामिल हैं। उत्तम सेवा चिन्ह पाने वालों में सुगर सिंह गुर्जर, करतार सिंह, रामलाल, महेंद्र यादव, अजीत सिंह, शक्ति सिंह, प्रेम सिंह, शंकर सिंह, हरीराम, तेज प्रकाश, रामलाल यादव, सुरेन्द्र यादव, रामकुमार, बनवारी लाल और श्रीमती मीना कंवर (महिला प्रहरी) शामिल हैं। यह गौरवशाली अवसर न केवल सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए, बल्कि पूरे राजस्थान कारागार विभाग के लिए उपलब्धि का क्षण है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जन्माष्टमी पर किए गोविंद देव जी के दर्शन

## -प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को राजधानी जयपुर स्थित गोविंद देव जी और काले हनुमान मंदिर में देव दर्शन किए। इस दौरान राठौड़ ने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना करते हुए भगवान श्रीकृष्ण से जनकल्याण के मार्ग पर प्रेरणा देने की प्रार्थना की। मंदिर प्रांगण में आम श्रद्धालुओं के बीच उन्होंने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि यह पर्व धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना का प्रतीक है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रत्येक व्यक्ति को कर्तव्य, प्रेम, सेवा और सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। भाजपा कार्यकर्ता श्रीकृष्ण की गीता में कही गई बातों को अपने सार्वजनिक जीवन में अपनाकर समाज की सेवा करें, यही हमारी सच्ची भक्ति और सेवाभाव है। इस दौरान प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, जयपुर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा और पार्षद विमल अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# आरजीएचएस में अनियमितता पर चिकित्सा विभाग का सख्त एक्शन

## -3 दवा स्टोर और एक अस्पताल के खिलाफ एफआईआर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के सुचारू संचालन के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। योजना में अस्पताल, फार्मेसी स्टोर एवं कार्मिकों की ओर से की गई अनियमितताओं के विरूद्ध राज्य सरकार सख्त एक्शन ले रही है। इसी कड़ी में 3 फार्मेसी स्टोर एवं एक अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। साथ ही 5 विभागों के 473 कार्मिकों तथा 8 एलौपैथिक डॉक्टर व 2 आयुर्वेदिक चिकित्सकों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए पत्र लिखा गया है। वहीं 2 चिकित्सकों सहित 12 कार्मिकों को योजना में विभिन्न अनियमितताओं पर निलंबित किया गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गयात्री राठौड़ ने बताया कि विगत काफी समय से राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम में विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर अनियमितता करने की शिकायतें सामने आ रही थीं। इनकी शिकायतों की गहनता के साथ जांच की गई। साथ ही, वित्त विभाग की ओर से आडिट करवाई गई। आडिट में सामने आए तथ्यों के आधार पर चूरू के शिवम ड्रग स्टोर, सीकर के गुरू कृपा अस्पताल व न्यू इंडिया मेडिकल स्टोर तथा नागौर में नागौर कॉपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी लिमिटेड मूण्डवा की दुकान संख्या 3 के संचालकों एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

**फर्जी दवा पर्चियां बनाईं, दवाओं की जगह दूसरा सामान लिया**

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि कार्रवाई के क्रम में आरजीएचएस में अनियमितता पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं आयुर्वेद विभाग को उनके 473 कार्मिकों के खिलाफ एक्शन लेने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। इन कार्मिकों के खिलाफ दवाओं की जगह फार्मेसी स्टोर से अन्य सामान लेने, पंचकर्म शिरोधारा आदि का अनावश्यक उपयोग करने, मेडिकल स्टोर से मिलीभगत कर फर्जी दवा पर्चा बनाने की शिकायतें उजागर हुई हैं।

**खुद की जगह रिश्तेदारों का कराया इलाज**

इसी प्रकार वाणिज्यिक कर विभाग, शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, जल संसाधन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग के 12 कार्मिकों को निलंबित किया गया है। इन कार्मिकों ने पत्नी के नाम पर किराएदार, शादीशुदा पुत्री, स्वयं की जगह अपने भाई, बहन या पुत्री तथा बच्चे के नाम पर उसके मित्र का उपचार कराने की शिकायतें सामने आई हैं। जिन दो आयुर्वेदिक चिकित्सको के खिलाफ कार्रवाई हेतु लिखा गया है, वे बिना जांच के ही दवाएं लिख रहे थे। इसी प्रकार जिन 8 एलोपैथिक चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा गया है, वे अनावश्यक दवाएं लिखने के साथ ही फर्जी प्रिसक्रिप्शन बना रहे थे।

**विगत दिनों चिकित्सा मंत्री ने दिए थे सख्ती बरतने के निर्देश**

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आरजीएचएस योजना के संचालन का जिम्मा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया था। उसके बाद चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने योजना में अनियमितता एवं धोखाधड़ी करने वाले अस्पतालों, फार्मेसी स्टोर एवं अन्य हितधारकों के विरूद्ध सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए थे। साथ ही, उन्होंने योजना के प्रभावी संचालन के लिए स्कीम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, वित्तीय सुदृढ़ता एवं संस्थागत पुनर्गठन के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा था। उन्होंने कहा था कि योजना को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया जाएगा।


# स्वाधीनता दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कार्मिक हुए सम्मानित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने शुक्रवार को राज्य सरकार एवं राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में शासन सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। समारोह में राज्य के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को योग्यता सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्वाधीनता दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश गुर्जर, वरिष्ठ सहायक रिंकू मीणा, कनिष्ठ सहायक मुकेश मीणा एवं रोहित उमरवाल, बृजमोहन मीणा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कान्त जी पाठक (शासन सचिव कार्मिक विभाग), कजोड़मल मीणा (अध्यक्ष राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ जयपुर) उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

## -शान से लहराया तिरंगा झंडा, दी सलामी



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। देश की आजादी का 79 वां वर्षगांठ को नगर पालिका व थाना एवं प्रखंड पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों सभी राजनीतिक दलों के कार्यालयों, स्कूल, कॉलेजों उपतहसील एवं अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर लोगों ने देश के अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता आंदोलन सेनानियों को भी याद किया। अनेक शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिसर में पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत की अध्यक्षता व अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इसी प्रकार उपतहसील परिसर में उपतहसिलदार दलीप चौधरी ने ध्वजारोहण किया, थाना परिसर में थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा ने ध्वजारोहण किया जिसमें पुलिस के जवानों ने झंडे को सलामी दी। इसी प्रकार कई स्कूल डीपीसी ,ऑक्सफोर्ड, श्री कृष्णा में प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत व अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने सविधान निर्माता बाबा साहेब को सम्मान पूर्वक माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए इसके बाद ध्वजारोहण किया। उसके बाद ही भारत माता की जयकारो से पालिका संपूर्ण क्षेत्र परिसर गुंजामय हो गया। इस दौरान कई विद्यालयों में बालक बालिकाओं द्वारा संस्कृति कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया। इस दौरान विद्यालयों में भामाशाह डीके सोनी ने छात्र-छात्राओं को मोमेंटो टिफिन देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य साफ सफाई करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र, शिवम, कर्मचारी पार्षद गण व सफाई कर्मचारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इसी प्रकार टोल पर ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर इमरान खान हंसराज गुर्जर, दीपक गुर्जर आदि उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा यूनियन द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई




मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। 79 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे ई रिक्शा यूनियन मनोहरपुर द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई तिरंगा रैली मनोहरपुर टोल प्लाजा से रवाना होकर बस स्टैंड से सीधे सैयद लाल खां बाबा मार्केट होते हुए गांधी चौक पहुंची गांधी चौक से आड्डा बाजार लंबा बाजार बावन देव जी का मोहल्ला होते हुए गांधी चौक में आई और फिर गांधी चौक से मेड वालों का मोहल्ला लोहार का खुर्रा तोपची वाड़ा अंबेडकर नगर होते हुए वापस बस स्टैंड पुलिया के नीचे पहुंच कर रैली का समापन किया। ई-रिक्शा चालक अनवर हुसैन तिगाला ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे। ई-रिक्शा रैली में भाग लेने वाले रिक्शा चालक अनवर हुसैन तिगाला,गुलशन बृजवाल,आसिफ शाह, गजानंद भाड़भूंजा, अविनाश, विक्रम बावरिया, प्रकाश वर्मा, सोहेल खान, मालीराम बेनीवाल, सुभाष बेनीवाल, छुट्टन शाह, शहजाद बिस्ती, राजकुमार चोपड़ा आदि सभी ने तिरंगा रैली का आयोजन किया।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# शिफ्फा अकेडमी में स्वतंत्रता दिवस पर कई कार्यक्रम हुए



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित शुफ्फा एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया शिफा अकेडमी के डायरेक्टर असलम खा गोड़ ने झंडारोहन किया। मौलाना हारून रिजवी ने कुराने-ए-करीम की तिलावत के साथ प्रोग्राम का आगाज किया छोटे छोटे बच्चों ने दीन-दुनियों के बारे मे अपने प्रोग्राम को आगे बढ़ाया। आलिया श्रमाइरा आइशा, तमन्ना, अक्सा, शोइवा, शादाब परवेज लनाया, नदिम गोड़, अलहसीब ने शानदार नज्मो और कविताओं से माहौल को देशभक्ति में बदल दिया। कार्यक्रम का संचालन सानिया माही ने किया। जिसमें विद्यालय के अन्य सदस्यो इमरान अहमद, समीर खान, निशा बहलीम सबीहा कुरेशी, सबाना खान, तसुम, शहनाज, खसार व तौकिर हसन ने भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम के अन्त में निर्देशक मोहम्द असलम गौड ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया। आए हुए अभिभावको, अतिथियों एवं बच्चों के माता-पिता का शुक्रिया अदा किया। अन्त में बच्चों को इनामात देते हुए प्रिंसिपल शराफत खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विद्याधर नगर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। राजकीय महाविद्यालय विद्याधर नगर जयपुर में प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रहलाद सहाय बुनकर के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर प्रोफेसर बुनकर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें ब्रिटिश शासन के 200 वर्षों के बाद मिली आजादी और उन शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की खातिर अपना बलिदान दे दिया। यह एक विशेष दिन है क्योंकि 1947 में भारत वर्षों के कठोर संघर्षों और बलिदानों के बाद ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ था। यह दिन मातृभूमि के प्रति प्यार और गौरव को दर्शाता है। इस दिन हम स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे जवानों के बलिदान को याद करते हैं। हम दशकों के साहस, एकता और विकास को याद करते हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अहिंसा और शक्तिशाली आंदोलनों के माध्यम से आशा और एकता के साथ जेलों, अन्याय और कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। प्रो.एस.आर. बडकोदिया ने युवाओं को आह्वान किया कि वें आजादी के सही अर्थ को समझकर समाज और राष्ट्र के चहुँमुखी विकास के लिए आगे बढें। डॉ. निर्मला कुमावत ने कविता प्रस्तुति से स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। डॉ. सुमन ढाका, सांवरमल जाट, हरिओम सिंगल, डॉ. चेतना शर्मा, गरिमा भास्कर, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. सोनालिका कुमावत, डॉ. बीना कुमारी व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# नशे के खिलाफ मानस अभियान से लेकर फसल बीमा में नवाचार तक... कलक्टर काना राम को राज्यस्तरीय सम्मान

## -79वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित



जयपुर/सवाईमाधोपुर (रॉयल पत्रिका)। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला कलक्टर सवाई माधोपुर काना राम को उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति अविचलित समर्पण के लिए "योग्यता प्रमाण पत्र" प्रदान कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर काना राम को यह सम्मान पूर्व में हनुमानगढ़ जिले में उनके द्वारा नशा मुक्ति के लिए संचालित 'मानस अभियान' में उनकी भूमिका, फसल बीमा योजना में नवाचार, कृषि महोत्सव के सफल आयोजन, टीबी मुक्त भारत अभियान आदि में उल्लेखनीय प्रगति तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।

**मानस अभियान : नशे के विरुद्ध व्यापक मुहिम**

कलक्टर काना राम के नेतृत्व में हनुमानगढ़ जिले में मानस 1.0 अभियान चलाया गया, जिसमें जागरूकता, काउंसलिंग, ई-आरोग्य पोर्टल और खेलों को बढ़ावा देने जैसी पहलें की गईं। 1.50 लाख से अधिक युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, नशा पीड़ितों के लिए काउंसलिंग व शिविर आयोजित हुए और जिले की 62 से अधिक ग्राम पंचायतों में खेल मैदान स्वीकृत किए गए। इसका परिणाम यह रहा कि नशे की चर्चा के स्थान पर नशामुक्ति जनचर्चा का प्रमुख विषय बन गई।

**फसल बीमा योजना में नवाचार : किसानों को समय पर लाभ**

पूर्व में बड़ी संख्या में फसल बीमा क्लेम आपत्तियों के कारण किसानों को कठिनाई होती थी। कलक्टर काना राम ने रबी 2023-24 और खरीफ 2024 से नई व्यवस्था लागू कराई, जिसमें फसल कटाई की पूर्व सूचना, सीसीई एप पर फोटो-वीडियो अपलोडिंग और बैंक-बीमा कंपनियों के साथ नियमित बैठकें शामिल थीं। परिणामस्वरूप खरीफ 2024 में बीमा कंपनी ने एक भी आपत्ति दर्ज नहीं की और किसानों को समय पर क्लेम मिला। इस मॉडल को बाद में कृषि विभाग ने पूरे प्रदेश में लागू किया।

**कृषि महोत्सव : तकनीक और नवाचार का संगम**

कलक्टर काना राम के प्रयासों से एसकेडी विश्वविद्यालय परिसर में 8 से 10 मार्च 2025 तक उत्तर भारत का सबसे बड़ा कृषि महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें 1 लाख से अधिक किसानों और 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स ने भाग लिया। ड्रोन टेक्नोलॉजी, जैविक खेती, जल प्रबंधन पर विशेषज्ञ संवाद और पशु सौंदर्य प्रतियोगिताएं किसानों के आकर्षण का केंद्र रहीं। यह आयोजन किसानों के लिए ज्ञान और नवाचार का अद्वितीय मंच साबित हुआ।

**टीबी मुक्त भारत अभियान और शिक्षा सुधार**

जिले में 50 हजार से अधिक नाट जांचें की गईं और 2000 से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाया गया। शिक्षा सुधार के तहत पीएम स्कूलों में स्टाफ ड्रेस कोड लागू किया गया और भामाशाहों के सहयोग से विद्यार्थियों को एक समान ड्रेस, टाई, शूज और बैग उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, प्रत्येक ब्लॉक में आधुनिक रीडिंग लाइब्रेरी की स्वीकृति भी दी गई। कलक्टर काना राम के नेतृत्व में संचालित इन पहलों ने न केवल सामाजिक परिवर्तन को नई दिशा दी, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और आजीविका सुधार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला कलक्टर काना राम की संवेदनशील कार्यशैली और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध दृष्टिकोण को मिला यह सम्मान अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी यह उपलब्धि सवाई माधोपुर जिले के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। इस अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आमजन ने कलक्टर को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह सम्मान न केवल एक अधिकारी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सवाई माधोपुर जिले की सामूहिक प्रगति, सकारात्मक बदलाव और असीम संभावनाओं का जीवंत प्रतीक है। स्वयं कलक्टर कानाराम ने इसे अपने लिए गौरव का क्षण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी जिले के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के कार्यों के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

# कायमखानी छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण किया गया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर 79 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर कायमखानी छात्रावास में मुख्य अतिथि भंवरू खान ठेकेदार ने राष्ट्रगान के साथ झंडारोहण किया। इस खुशी के मौके पर राजस्थान कायमखानी महासभा के जिला अध्यक्ष मुंशी खान चाँदखानी, तहसील अध्यक्ष रमजान खान जोईया, इक़बाल खान कबीरखानी तहसील सचिव, चुरू छात्रावास कमेटी अध्यक्ष जब्बार खान अलफखानी, ज़ाकिर खान के.के., महबूब खान, शहबाज खान अगुना मोहल्ला, जावेद खान ऐंडवोकेट, शहबाज खान जोईया, अकरम खान अलफखानी, शबीर खान, अहसान खान ऐलमान, पप्पू खान जी, लियाकत खान जी, इनायत खान जी भलीम, इनायत खान जोइया, फुटबॉल क्लब अध्यक्ष शकील दुर्रानी ओर अन्य कॉम के जिम्मेदार लोग प्रोग्राम में शामिल रहे ।

# कंवरपुरा एवं निवाणा में यादव महासभा चौमूं तहसील अध्यक्ष डागर की और से इकाई गठन

## -नवमनोनीत पदाधिकारीयों का समाजबंधुओं ने किया अभिनंदन किया



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत कंवरपुरा एवं निवाणा (देवथला) में चौमूं यादव समाज तहसील अध्यक्ष सुभाष डागर उपस्थिति में पंचायत परिसर में दोनों पंचायत में कंवरपुरा में सर्व समिति से इकाई अध्यक्ष छीतर मल काकोडिया व उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद केशवा नियुक्त नियुक्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत निवाणा (देवथला) पंचायत परिसर में सर्व समिति से इकाई अध्यक्ष पद पर प्रकाश टुंडक और बाबूलाल कनिनवाल को बनाया गया। इस अवसर पर चौंमू तहसील अध्यक्ष सुभाष डागर बताया की सभी गांव में जा जाकर इकाई का गठन किया जा रहा है जिस पंचायत में अध्यक्ष बनाया गया उनको तुरंत अपने कार्यकारिणी का गठन करने का निर्देश दिये। इस मौके पर यादव समाज जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रतिष्ठ लोग बंधु अध्यक्ष बने उनको साफा बंधवाकर मोमेंटो देखकर सम्मानित अभिनंदन किया।

# बलाई विकास समिति ने सभा-भवन पर किया झंडारोहण



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर बलाई विकास समिति जयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता एवं लोहरवाड़ा ग्राम इकाई अध्यक्ष गोपाल लाल तंवर के मुख्य आतिथ्य व एलआईसी डीओ सुरेश कुमार महरिया, रामावतार बॉयला, कैलाशचंद कांदेल, रघुनाथ प्रसाद पाटोदिया, एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ झंडारोहण मनाया गया। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समिति द्वारा आए हुए अतिथियों का माला व तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष घनश्याम कांदेल, उपाध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, सेडूराम मेदवाल, सचिव प्रहलाद राय जाटावत, सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गुलाबनाथ बुढ़गाया, मूलचंद राय, कैलाशचंद लाखीवाल, समिति के हाथनोदा ग्राम इकाई अध्यक्ष राहुल कुमार जोया, मानव जन जागृति संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला, कोषाध्यक्ष मुकेश जिंदल, समिति के पूर्व अध्यक्ष पीसी बलाई, बुद्धिष्ठ गोठवाल, सिकंदर बबेरवाल, राहुल कुमार आदि समाजबंधु मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज चुरु एवं समृद्ध अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

## -झंडारोहण प्रिंसिपल डॉ. एम एम पुकार ने किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज चूरू एवं संबद्ध अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले राजकीय डी बी अस्पताल में अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इसके पश्चात राजकीय नेत्र अस्पताल में अस्पताल प्रभारी डॉ जितेंद्र सोलंकी द्वारा अस्पताल प्रशासन एवं स्टॉप के समक्ष ध्वजारोहण किया गया। मेडिकल कॉलेज चूरु में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ महेश मोहनलाल पुकार द्वारा ध्वजारोहण किया किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित चिकित्सक शिक्षक, चिकित्सक,अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र गान किया गया। डॉ. पुकार द्वारा महाविद्यालय एवं अस्पताल के स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह स्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है। हाल ही में भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल अंग दान महादान के तहत सभी साथियों द्वारा सहयोग करने और आम जन को अंग दान के लिए प्रेरित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी ने सभी कर्मचारियों से अपने कर्तव्य के प्रति सेवा भाव रखते हुए अस्पताल में कार्य करने का आग्रह किया। इसके पश्चात महाविद्यालय एवं अस्पताल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजकीय नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग ट्यूटर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत वर्मा, डॉ. इकराम हुसैन, डॉ. हनुमान जयपाल, डॉ. जितेंद्र सोलंकी, डॉ. शशिधर, डॉ. विकास, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ. अजीत गढवाल, डॉ. रतन अग्रवाल, राजकीय नर्सिंग कॉलेज प्रधानाचार्य दयानंद बुडानिया सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी और मंत्रालयिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मदरसे में मनाया स्वतंत्रता दिवस



पाली (रॉयल पत्रिका)। मदरसा मस्जिद रंगरेजान प्राथमिक विद्यालय,पाली में कौम के मौजीज हजरात के साथ जिला कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज ने विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत कर धूमधाम से यौम-ए-आज़ादी (स्वाधीनता दिवस) मनाया एवं होनहार विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरीत कर मिठाई बांटकर मुबारकबाद दी। ईस दौरान पेश इमाम मौलाना दिलदार खान, रंगरेज समाज के हाजी मोहम्मद आबिद, मदरसा सदर हाजी मोहम्मद शरीफ बी एफ, सेकेट्री मोहम्मद सलीम एल आई सी, शाकिर अली एल जी, मोहम्मद शरीफ अन्नू बा, हाफिज आरिफ, हाजी मोइनुद्दीन, मदरसा अध्यापक मोहम्मद साजिद सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हरसोलिया "उत्कष्ठ समाजसेवा अवार्ड" से सम्मानित

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी रुडमल सोगण की जीवन गाथा पर आधारित स्मारिका का हुआ विमोचन



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के एमबी होटल में मानव जन जागृति संस्थान द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी रुडमल सोगण की जीवन गाथा पर आधारित स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राजफैड राजस्थान के निदेशक आईएएस टीकम चंद बोहरा (अंजाना), भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सेवानिवृत्त आईपीएस जी.सी. राय, समाज सेविका, उद्यमी एवं लेखिका डॉ. सुनीता दामिनी गुप्ता, शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूजा भारती छाबड़ा, संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला, कोषाध्यक्ष मुकेश जिंदल आदि अतिथियों ने टांकरड़ा निवासी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को "उत्कष्ठ समाजसेवा अवार्ड" से सम्मानित किया। इस दौरान गोपालचंद सोगण, सेवानिवृत कृषि विस्तार के अतिरिक्त निदेशक रामनिवास पालीवाल, राजस्थान धमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष नेमीचंद पंवार, सेवानिवृत एडीएम के.आर. बुनकर, सेवानिवृत बीएसएनएल के मुख्य पर्यवेक्षक रामकिशोर राय, प्राचार्य डॉ. कैलाशचंद मोरदिया, गजानंद परिहार, रघुनाथ पाटोदिया, गोपाललाल कांदेला, प्रधानाचार्य कालूराम बुनकर, प्रधानाचार्य अशोक बबेरवाल, डॉ. बी.डी. नैनावत, प्रधानाचार्य राजकुमार बुनकर, चौप पूर्व सरपंच प्रेम देवी, बाबूलाल नारनोलिया, बाबूलाल कांदेला, हरिनारायण लाखीवाल, सुरेश कुमार महरिया, एडवोकेट मनोहर परिहार, घनश्याम कांदेल, सरपंच पवन कांदेला इत्यादि मौजूद थे।

# जिला वक्फ कमेटी कार्यालय पर चेयरमैन इरफान अंसारी ने किया झंडारोहण



बारां (रॉयल पत्रिका)। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला वक्फ कमेटी कार्यालय पर सुबह 8:30 बजे चेयरमैन इरफान अंसारी ने झंडारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात मिठाई बांटी गई। चेयरमैन इरफान अंसारी ने बोलते हुए कहा की लाखों हिन्दस्तानियों की कुर्बानियों की वजह से हमारा देश अंग्रेजो की गुलामी से आजाद हुआ। हिंदू, मुस्लिम, सिख सहित सभी धर्मो के लोगों ने अपनी जान के नजराने पेश किए तब जाकर आज हम इस मुल्क में आजादी का जश्न मना रहे हैं। सभी को इस मौके पर यौमे आजादी की मुबारकबाद दी गई। इस अवसर चेयरमैन इरफान अंसारी, अब्दुल अजीज अंसारी, सेकेट्री रईस अहमद नेता, अब्दुल हक हक्का भाई, इरफान अशरफी, पार्षद परवेज खान, पार्षद अहमद शरीफ, शोएब अख्तर, मोहम्मद रईस ट्रक यूनियन, शाकिर खान, याकूब खान, अनस, रईस आवाम आदि मौजूद रहे।

# राजकीय यूनानी औषधालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



बारां (रॉयल पत्रिका)। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के अंजुमन चौराहे मांगरोल रोड़ पर स्थित राजकीय यूनानी औषधालय में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। राजकीय यूनानी औषधालय के वरिष्ठ यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नासिर हुसैन ने ध्वजारोहण किया। साथ में कनिष्ठ यूनानी कंपाउंडर गोविंद नागर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इस दौरान अंजुमन सदर माजिद सलीम, नायब सदर जाकिर मंसूरी, अंजुमन इत्तेहाद ए बाहमी के सदर आबिद हुसैन अंसारी, इकबाल नेता, हाजी मुश्फिक अंसारी, एडवोकेट फिरोज खान, एडवोकेट रईस हाशमी, इकबाल रीगल, इशरत खान, पप्पू नेता, नासिर खान बंटी, कालू भाई जुम्मा खा, रमेश चंद राठौर, असलम मंसूरी, इरशाद नेता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों और मेहमानों को मिठाइयां बांटी गई।

# मदरसा दारुल उलूम अता ए रसूल में हुआ झंडा रोहण



कोटा (रॉयल पत्रिका)। मदरसा दारुल उलूम अता ए रसूल में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौलाना फ़ज़ले हक पूर्व चेयरमैन राजस्थान मदरसा बोर्ड द्वारा झंडा रोहण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नियाज़ अहमद निक्कू अध्यक्ष पीस मिशन सोसाइटी राजस्थान रहे। मदरसा व अल नूर स्कूल के विद्यार्थियों ने वतन की मोहब्बत के तराने पढ़े फैजान-उल-हक व इरशाद खान द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी ने किया झंडारोहण



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर नांगल जैसा बोहरा में स्थित धीरावत पैराडाइज में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी जयपुर के अध्यक्ष बस्तीराम वर्मा की अध्यक्षता में झंडारोहण किया गया। इस मौके पर सभी ने आजादी के आंदोलन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान संस्था के महासचिव बीएल भाटी सहित समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी, प्रबुद्धज़नों व महिलाओं ने भाग लिया। अंत में संस्था अध्यक्ष वर्मा ने सभी अगतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जामिया अरबिया इस्लामिया दारुल उलूम मे स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जामिया अरबिया इस्लामिया दारूल उलूम में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया इस दोरान मुख्य अतिथि डॉ मुमताज अली क़ुरैशी एवं बाबु खान सनसिटी ने ध्वजारोहाण कर प्रोग्राम का आगाज किया। बच्चों ने परेड की और सलामी दी। इसी कर्म में विशिष्ट अतिथि शौकत खान झारिया एडिशनल कमिश्नर रि, अयूब खान एडिशनल एसपी रि, डॉ. अहसान गोरी आसिफ खान यूथ जिला अध्यक्ष, डॉ. अख्तर खान, हाजी याकूब थीम, डॉ. मुस्तकम शेख, नूर मोहम्मद खान आबकारी अधिकारी, हाजी गनी खान दौलत खानी, मुंशी खान एलमान, सभी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं स्वतंत्रता दिवस के अहमियत के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में स्कूल एवं मदरसे के बच्चों ने विभिन्न-विभिन्न तरह के कार्यक्रम एवं नाते प्रस्तुत की कार्यक्रम में अनवर खान थानेदार, करामत खान, मास्टर फारूक, अब्दुल जब्बार, आसिफ खान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुफ्ती इरशाद कासमी एवं प्रधानाध्यापक आवेश कुरैशी ने किया।

# शारदा यादव, यादव महिला महासभा किशनगढ़ रेनवाल की तहसील अध्यक्ष मनोनीत



किशनगढ़ रेनवाल/बधाल (रॉयल पत्रिका)। कस्बें के समीप ईटावा गांव की निर्माणों की ढाणी में शनिवार को यादव महिला महासभा की जिलाध्यक्ष सनी देवी यादव के सानिध्य में यादव समाज की महिलाओं की संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जयपुर जिला महिला यादव महासभा की अध्यक्ष वंदना यादव ने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य यादव समाज की महिलाओं के द्वारा शिक्षित समाज बनाने के लिए जनजागरूकता के लिए काम करना, महिलाओं के समग्र विकास व राजनीती में अपनी पिछलगू भूमिका को व घूंघट प्रथा को त्याग कर समाज विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने व जनजागरुकता के लिए बढचढ कर कार्य करने की आवश्यकता पर बल देना था। इस मौके पर तहसील किशनगढ़ रेनवाल की महिला को तहसील अध्यक्ष पद पर ईटावा निवासी जिला पार्षद शारदा यादव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। और अपनी कार्यकारिणी गठित कर समाज हित में कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मनी देवी यादव, पूजा यादव, संगीता, सावित्री, भगवती व हाडौता के कमल यादव, सुरेंद्र निर्वाण, भगवान सहाय आदि ने नवनियुक्त ईकाई अध्यक्ष शारदा यादव को माला पहनाकर, शाँल ओंढाकर, मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनायें दी व सम्मान किया। तहसील अध्यक्ष व जिला पार्षद शारदा यादव ने अपनी नियुक्ति पर समाज के हित में काम करने व महासभा के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिया।

# युवा शक्ति ने लिया मतदान का संकल्प

**शब्बीर हुसैन**




बारा (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थानों में युवा मतदाताओं में जागृति के उद्देश्य से मतदाता शपथ का आयोजन किया गया, वहीं राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्राचार्य संजय कुमार मेहता ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की बात कही इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम प्रभारी अमित भार्गव ने मतदाता की शपथ के साथ ही उपस्थित जन को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि करने के लिए गणना फॉर्म भरने संबंधी जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में पंजीयन करने के बारे में बताया। इस दौरान ईएलसी सह प्रभारी परमेश्वर जाट, मोहिनी सागोन सहित समस्त स्टाफ,ईएलसी सदस्य तथा गणमान्य जन मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पुलिस अधीक्षक जय यादव, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, नागरिक, विद्यार्थी मौजूद रहे।कार्यक्रम के आरंभ में जिला कलक्टर ने मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में आरआई सतबीर मीणा के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड एवं एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण ने जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर उपलब्धियों पर 65 अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों को प्रशस्ति- पत्र प्रदान किए। चूरू की धरती शौर्य, सेवा और संस्कृति की मिसाल मुख्य समारोह में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि चूरू की धरती हमेशा से शौर्य, सेवा और संस्कृति की मिसाल रही है। देश की आजादी से भी बहुत पहले 26 जनवरी, 1930 को यहां के क्रांतिकारियों ने चूरू के धर्मस्तूप पर तिरंगा फहराकर अपने दिल में जल रही आजादी की जोत, उत्कट देशप्रेम और अदम्य साहस का परिचय दिया। इन महान सेनानियों व नेताओं के बलिदानों से आधुनिक भारत का स्वप्न साकार हुआ, जो आज पूरे विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है।

# जिला कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय से वीरगति स्मारक तक केंडल मार्च निकाला

## -आपके वोट की चोरी आपके अधिकारों की चोरी है- सांसद राहुल कस्वा




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के निर्देषानुसार चूरू जिला कांग्रेस कमेटी तथा चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू से वीरगति स्मारक पंखा रोड चूरू तक शुक्रवार शाम 7:30 बजे वोट चोर गद्दी छोड कैंडल मार्च निकाला गया। चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि आपके वोट की चोरी आपके अधिकारों की चोरी है, आपकी पहचान की चोरी है, उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संविधानिक संस्था है इसकी निष्पक्षता एवं पारदर्षिता सुनिष्चित होनी चाहिए। उन्होने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के माध्यम से बिहार में तथा संपूर्ण भारत में मतदाता सूचियों से हजारों लाखों मतदाता के नाम काटे जा रहे है जो सरासर नाइंसाफी है। उन्होने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सबूतों के साथ सच सामने रखा है कि कैसे लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। उन्होने मांग कि है कि आयोग डिजिटल मतदाता सूची जारी करें, ताकि नागरिक और राजनीतिक दल स्वतंत्र रूप से उसका ऑडिट कर सकें। राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी सचिव रियाजत खान ने कहा कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी करके भाजपा सरकारें बनाई जा रही है जिसका पुख्ता सबूत लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिया गया है उसके बाद भी भाजपा और चुनाव आयोग दोनो जवाब देने की बजाय टालमटोल कर रहे है। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग एक संवेधानिक संस्था है। भारतीय जनता पार्टी संविधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है जोकि स्वीकार्य नही है। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए कटिबद्व है।इस अवसर पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, आषाराम सैनी, मोहनलाल आर्य, रमजान खां, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किषोर धान्धू, कोषाध्यक्ष रामनारायण व्यास, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, जिला प्रवक्ता अनवर कुरेषी, लालचंद सैनी, सुनिता कपुरिया, हमीद रिसालदार, दीपीका सैन, बालीबाई, हर्ष लाम्बा, हेमन्त सिहाग, सोयल डीके, असलम खां मोयल, शाहरूख खान, संजय कटाला, संजय दिक्षित, गणेश लाटा, अजीज खान दिलावरखानी, संजय भाटी, आसिफ निर्माण, समीउल्लाह, तारिख नागौरी, बाबू मंत्री, इस्माईल भाटी, शिवकुमार शर्मा, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, अंजनी शर्मा, गोकुल शर्मा, तोफिक खान, रामचन्द्र सुण्डा, सुरेष शर्मा, एडवोकट अनिस खान, अनीस खां, नोमान सयैद, विमल शर्मा, अनिल श्योता, श्रवण माली, महेन्द्र सैनी, हारून खत्री, पुरूषोतम इंदोरिया, चन्दनमल मेघवाल, प्यारेलाल दानोदिया, सोहन मेघवाल, आरिफ रिसालदार, जाफर खां, ताजू खां, कन्हैयालाल चंदेलिया, रामानन्द न्यौल, वाहीद खान, सुलेमान मणियार, अलताफ लीलगर, कासम, विनोद खटीक, फारूक खान, अनील तंवर, मनीष खटीक, खालीद कुरेषी, शांकर चंदेलिया, मनीष कुमावत, हेमन्त सैनी, विनोद सैनी, विजय सारस्वत, चन्द्रप्रकाष, दिनेष रोयल, महबुब सिक्का, सलमुदीन कुरेषी, सलमान चैजारा, केडी पठान, जाफर सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# राजीव गांधी पंचायतीराज की रोहट-पाली देहात ब्लॉक की बैठक सम्पन्न

**मोहम्मद यासीन**



पाली (रॉयल पत्रिका)। पंचायतीराज/निकाय चुनाव बहाली, बीजेपी सरकार की स्वराज विरोधी नीतियों व वोट चोरी से लोकतंत्र खात्मा के विरोध में स्वराज बचाओं रैली 20 अगस्त को जयपुर में राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन पाली देहात और रोहट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक रूपावास के पास भगानाड़ा में जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्थान प्रदेश सचिव और पाली जिला प्रभारी श्रीमती कीर्ति कच्छवाह एवं पाली विधायक भीमराज भाटी मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री किर्ती कच्छवाह ने कहा कि भाजपा सरकार समयावधि होने के पश्चात नगर निकाय व पंचायतीराज के चुनाव नहीं करवाने। पंचायतों में प्रशासक लगाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया, भाजपा सरकार ने पंचायतो/नगर निकायों के परिसीमन मनमर्जी से कर जनता के साथ कुठाराघात किया है। पूरे प्रदेश में पंचायतों में ग्राम सभा, वार्ड सभा व मासिक बैठक नहीं होने से जनता की भागदारी विफल कर दी गई है। भाजपा सरकार 2024 का लोकसभा चुनाव वोटों की चोरी कर चुनाव जीता है। इन्हीं मुद्दो लेकर आगामी 20 अगस्त को राजीव गाँधी की जयन्ति पर जयपुर में स्वराज बचाओं रैली का आयोजन कर सरकार को मुँहतोड़ जवाब दिया जायेगा। पाली विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि राजीव गाँधी पंचायतीराज संगठन एक जीवित संगठन है। इस संगठन में हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को निभा रहा है। पंचायतीराज एवं नगर निकायों के जनप्रतिनिधि हर वक्त जनता के बीच रहते है, जिसका लाभ आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को जरूर मिलेगा। प्रदेश महासचिव एवं पूर्व श्रम मंत्रालय उपाध्यक्ष शिशुपालसिंह राजपुरोहित ने पंचायतीराज पर विस्तृत चर्चा कर संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे और इस स्वराज बचाओं रैली में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं एवं जन प्रतिनिधियों को प्रेरित करने का भरोसा दिलाया। सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने कहा कि 20 अगस्त को जयपुर रैली में पाली, रोहट, सुमेरपुर, पाली देहात, रानी, बाली, मारवाड़, सोजत, रायपुर, देसूरी सभी ब्लॉकों का प्रतिनिधि मण्डल व समन्वयक इस रैली में भाग लेंगे।

इस बैठक को कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष पीराराम पटेल, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, जिला महामंत्री मेहबूब टी, मंगलाराम पटेल भीण्डर, पंचायतीराज के प्रदेश सचिव रेखा परिहार, एस.सी. प्रकोष्ठ अध्यक्ष ढलाराम वीजा, जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी मांगूसिंह दूदावत, शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रमेश चावला, रोहट यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पूरण चौकीदार खारड़ा, सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष बगदाराम मेघवाल, समन्वयक पंकज सैनी पाली आदि अनेक पदाधिकारियों ने सम्बोधन कर पंचायतीराज को और अधिक सक्रिय करने का आश्वासन दिया। यह कार्यक्रम रोहट ब्लॉक अध्यक्ष सदाराम विशनोई, पाली देहात ब्लॉक अध्यक्ष चिमनाराम भाटी द्वारा संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रूपसिंह जोधा, ओगड़ाम लौहार, शिवलाल दर्जी, मानाराम रैगर, राजूराम घाँची, भगवतसिंह जोधा, कालूसिंह चारण गढ़वाड़ा, कानसिंह जोधा, मानाराम पटेल सेदरिया, अंजना लौहार, रामाराम राणा, वजाराम भील, भोमाराम, वींजाराम, राजूराम, अमरसिंह राजपुरोहित, मंगलाराम मेघवाल, गंगाराम, गोपाराम पृथ्वीसिंह मोरिया, हापुराम विश्नोई, जयकरण, जोगाराम, प्रकाश चौकीदार गुरडाई, मांगीलाल पंवार, हेमावास, कालुराम पंवार, महासचिव विक्रम भाटी, मंशाराम हटेला दयालपुरा, वींजाराम मनिहारी, वोताराम भांवरी, वेलाराम पटेल, खुदाबक्श पठान, मनोहरसिंह चम्पावत, लक्ष्मण दर्जी, भानपुरी स्वामी, धन्नाराम चाटेलाव, कानाराम घाँची, भैरूसिंह खुंडावास सहित मनिहारी, हेमावास, गुरडाई, रूपावास, सिणगारी, मोरिया, वींजा, सेदरिया, खारड़ा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वराज यात्रा में चलने के लिए हस्ताक्षर अभियान के साथ पीले चावल भी वितरीत किये गये।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व

## -सहकारिता मंत्री गोतम दक ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी



चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में 79वां स्वतंत्रता दिवस जिला स्तरीय मुख्य समारोह उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। परेड कमांडर अनिल कुमार पाण्ड्ये के नेतृत्व में मेवाड़ भील कोर, राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, सैनिक स्कूल (आर्मी, नेवल एवं एयर ट्रूप), एनसीसी, भारत स्काउट एवं गाइड सहित विभिन्न विद्यालयों की टुकड़ियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि "आजादी का यह पर्व उन वीर शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि इनसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। उन्होंने प्रदेश में पेयजल, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, हरियाली एवं रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की जानकारी दी। "राइजिंग राजस्थान" के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू, 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य और किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत खातों में राशि हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण कदमों का भी उल्लेख किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहर चित्तौड़गढ़ की छात्राओं ने "महिमा राजस्थान की" नृत्य प्रस्तुति दी। परीलोक स्कूल चित्तौड़गढ़ के विद्यार्थियों ने देशभक्ति समूह नृत्य "ऑपरेशन सिंदूर" प्रस्तुत किया। आदर्श ज्ञान विद्या मंदिर, राउमावि गाड़ी लौहार, सेंट्रल एकेडमी सहित अन्य विद्यालयों ने जिम्नास्टिक, पिरामिड, एक्शन सॉन्ग एवं देशभक्ति नृत्यों से वातावरण को भावनाओं से भर दिया।

**बैण्ड एवं राष्ट्रगान**

पुलिस बैण्ड एवं सेंट पॉल स्कूल बैण्ड के वादन ने समारोह में देशभक्ति का जोश बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# जिला पुलिस अधीक्षक की पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी सम्पन्न



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर जय यादव आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला चूरू ने बताया कि 16 अगस्त को रिजर्व पुलिस लाईन चूरू के सभागर में जिले के समस्त अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी ली गई। अपराध गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) चूरू तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान सैल चूरू सहित जिले के समस्त वृताधिकारी एवं थानाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक जिला चूरू ने सर्किल तथा थानों में अपराधों व उनकी रोकथाम के लिए किये गये प्रयासो की जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इंसदादी तथा माईनर एक्ट की कार्यवाही ज्यादा प्रभावी तरिके से करने पर जोर दिये जाने के निर्देश दिये गये। भारत सरकार द्वारा नये आपराधिक कानून बीएनएस एवं बीएनएसएस को प्रभावी रूप से संचालन हेतु राजस्थान राज्य को मॉडल स्टेट बनाया जाना है इस सम्बन्ध में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियो को राजस्थान मॉडल के अनुरूप नये आपराधिक कानून 2023 के अन्तर्गत सफल क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिये गये है। 60 व 90 दिन की समया अवधि में प्रकरणो का निस्तारण करने, मेडिकल करवाने के लिये तहरीर सीसीटीएनएस के माध्यम से भेजने, आईगोट कर्मयोगी एप का रजिस्ट्रेशन करने गुण्डा एक्ट, 107, बीएनएस राजपासा एवं अन्य अपराधियों के खिलाफ ऑनलाईन डाडा अपडेट करने तथा प्रत्येक कार्यवाही विवरण को सीसीटीएनएस मॉड्युल पर निरन्तर अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाना में जप्त माल एवं धारा 52ए एनडीपीएस एक्ट में जप्त माल एवं वाहनो के निस्तारण बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपराध गोष्ठी से पूर्व एसआरकेपीएस प्रतिनिधि राजन चौधरी ने कोटपा पर विस्तृत जानकारी देते हुए युवा पीढी को नशे से दूर रखने हेतु कोटपा की धारा 4,5,6 अ व ब तथा 7 का प्रभावी कियान्वयन करने पर बल दिया। चौधरी ने कहा कि माह में एक बार अभियान के माध्यम से कोटपा का पालन सुनिश्चित करे। उन्होने तम्बाकू मुक्त विधालय, तम्बाकू मुक्त गॉव व तम्बाकू मुक्त युवा पिढी बनाने के लिये पुलिस के सहयोग की अपील करते हुये कहा की तम्बाकू मुक्त चुरू बनाने में आमजन का भी सहयोग लेवे।

# चूरू जिला कलक्टर सुराणा को मिला सेना प्रमुख (सीओएएस) प्रशस्ति-पत्र



चूरू (रॉयल पत्रिका)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को सेना प्रमुख 24 (सीओएएस) प्रशस्ति पत्र पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला कलक्टर को ऑपरेशन सिंदूर के लिए सिविलियन श्रेणी में प्रशस्ति -पत्र पुरस्कार मिला है।गौरतलब है कि भारतीय सेना के प्रशंसा पत्र भारतीय सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) द्वारा वीरता, विशिष्ट सेवा या कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किए जाते हैं। चूरू जिला प्रशासन की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी की लहर है।

# कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण के वेशभूषा में छोटे-छोटे बच्चे तैयार नजर आए



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। घर-घर में राधा कृष्ण के वेशभूषा में छोटे-छोटे बच्चे तैयार नजर आ रहे हैं। निकटवर्ती ग्राम रामसरा के श्री वीर हनुमान मंदिर में यशोदा माता के रूप में पूजा शर्मा कान्हा रूप में हंसिका शर्मा का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। जन्माष्टमी के मौके पर भगवान के अलग-अलग स्वरूपों जैसे शालिग्राम, लड् गोपाल और राधा-कृष्ण स्वरूप की विधिवत पूजा होती है। इस दिन रात्रिकाल के शुभ मुहूर्त में खीरे से कान्हा का जन्म कराते हैं। उन्हें पंचामृत से स्नान कराते हैं और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

# जिले भर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई

## -पंचमुखी बालाजी मंदिर में शिव भक्तों ने किया श्रिंगार



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मोचीवाड़ा स्थित पंचमुखी बालाजी महाराज मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शिव भक्त मंडल के द्वारा भगवान शंकर का बर्फ से भव्य श्रृंगार किया गया। शिव भक्त मंडल के रतन बजाज ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिवर्ष भगवान शंकर का रंगीन बर्फ की सीलियो से भव्य श्रृंगार किया जाता है और यह श्रृंगार की परंपरा पिछले 35 वर्षों से चल रही है।इस बार भक्तों की विशेष मांग पर पंचमुखी बालाजी मंदिर में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भी भगवान शंकर का रंगीन सालियों से भव्य श्रृंगार किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ बालाजी महाराज और कृष्ण भगवान की झांकियां का अवलोकन किया और दर्शन किए। मंदिर के पुजारी पंडित दुर्गादत हरित ने पूजार्चना करवाई कार्यक्रम में अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# स्वाधीनता दिवस-2025 शहीदों को किया गया नमन



अजमेर (रॉयल पत्रिका)। स्वाधीनता दिवस-2025 के अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा शहीदों को नमन किया गया। स्वतंत्रता के संघर्ष में अपनी भूमिका निभाते हुए सर्वस्व बलिदान करने वाले व्यक्तियों को याद किया गया। रावत ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित शहीद स्मारक पर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, जिला कलक्टर लोक बन्धु एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रद्धा सुमन एवं पुष्प चक्र अर्पित किया। शहीदों के प्रति कृतज्ञता भाव से नमन किया

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रतापगढ़ की 106 ग्राम पंचायतों में गूंजा 'नवदुर्गा' का उद्घोष

## -साथिनों ने किया आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन



प्रतापगढ़ (रॉयल पत्रिका)। इस स्वतंत्रता दिवस पर जिले की 106 ग्राम पंचायतों में अदत नजारा देखने को मिला जब वहाँ स्वतंत्रता दिवस के दिन मिशन नवदुर्गा के तहत महिलाओं द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण में सिखाई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मिशन नवदुर्गा के दूसरे चरण के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिले की 106 ग्राम पंचायतों में साथिनो ने आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर ने बताया की मिशन का उद्देश्य महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की और दूसरों की रक्षा करने में सक्षम बनाना है। मिशन के अंतर्गत जिले की ग्राम साथिनों को शिक्षा विभाग के प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, ताकि वे स्वयं सशक्त होकर अपने गाँव की अन्य महिलाओं और बालिकाओं को भी यह प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर ने जानकारी दी कि मिशन नवदुर्गा के तीन चरणों में अब तक कुल 95 साथिनों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया की पहले चरण में प्रतापगढ़ ब्लॉक की 50 साथिनो, दूसरे चरण में पीपलखूंट व सुहागपुरा की 35 साथिनो और तीसरे चरण में धरियावद पंचायत समिति 10 साथिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दु:खद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दु:खद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के



साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।

# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।


# सिनसिनाटी ओपन : अल्काराज ने मेडजेडोविक को दी शिकस्त, दर्ज की 2025 की 50वीं जीत

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने मेडजेडोविक को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ।

### एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में किया प्रवेश



### 95 मिनट तक चला कड़ा मुकाबला

अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था।



### आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में

*22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और हार मान रहे हैं। वहीं अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।*

### 'बार्बी डॉल' बनेगी वीनस



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे जल्द जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

## खबर संक्षेप

### पोवार बने पश्चिम क्षेत्र के कोच



**मुंबई।** मुंबई के पूर्व बल्लेबाज किरण पोवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, जो 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट इस सत्र में फिर क्षेत्रीय प्रारुप में खेला जाएगा, जिसका आयोजन बेंगलुरु के बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मैदानों में किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। गुजरात के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पल्लव वोरा को सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

### खालिद जमील ने किया दो साल का एग्रीमेंट



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि खालिद जमील को दो साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तथा अच्छे परिणाम हासिल करने पर उनके अनुबंध को आगे एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। एआईएफएफ ने कहा कि जमील ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी से अलग होने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जमील अपना पहला अभ्यास शिविर 15 अगस्त को बेंगलुरु के द्रविड़-पादुकोण सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शुरू करेंगे। भारतीय टीम के साथ उनका पहला टूर्नामेंट सीएएफए नेशंस कप होगा। जहां भारत ग्रुप बी में मेजबान ताजिकिस्तान (29 अगस्त), ईरान (एक सितंबर) और अफगानिस्तान (चार सितंबर) से भिड़ेगा। भारत अक्टूबर में फीफा विंडो में सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफाइंग दो महत्वपूर्ण मैच (नौ और 14 अक्टूबर) खेलेगा।

### डोनारुम्मा ने तोड़ा पीएसजी से नाता

**पेरिस।** स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं। पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया था।

### सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल

**पंचकूला।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन पंचकूला ने 50वीं सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल की घोषणा की है। यह चैंपियनशिप गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगी। ट्रायल 15 अगस्त को दोपहर 3:00 से 6:00 तक होंगे। संगठन महासचिव गुरदीप सिंह ने बताया कि ट्रायल 15 अगस्त को सेक्टर 21 के दून पब्लिक स्कूल में होंगे। इसके लिए गर्ल्स को दोपहर 3:00 और बॉयज को 4:00 बजे ग्राउंड में रिपोर्ट करना होगा। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी, 2012 या उसके बाद हुआ हो। वे पंचकूला में रह रहे हो या पढ़ाई कर रहे हो।

### वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारुपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।



### पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे।

### आईसीसी रैंकिंग

# रोहित का जलवा, बाबर आजम को पछाड़, दूसरे स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते गए हैं। कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी, दोनों किरदारों में रोहित ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आईसीसी की हालिया वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वनडे रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर बढ़ते हुए दूसरे स्थान पर चले गए हैं। रोहित ने बाबर आजम को हटाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में बाबर आजम फ्लॉप रहे। इस वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है। शीर्ष दस बल्लेबाजों में बाबर आजम तीसरे नंबर पर चले गए हैं। 784 अंक के साथ शुभमन गिल पहले स्थान पर जमे हुए हैं। गिल और रोहित के रेटिंग अंकों के बीच 28 अंक का अंतर है।

विराट कोहली चौथे, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल पांचवें, श्रीलंका के चरिथ असालंका छठे, आयरलैंड के हैरी टेक्टर सातवें, भारत के श्रेयस अय्यर आठवें, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान नौवें और श्रीलंका के कुसाल मेंडिस दसवें स्थान पर हैं।

### टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर वन बल्लेबाज

आईसीसी टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 829 की है। अब ट्रेविस हेड को हटाकर तिलक वर्मा ने दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। तिलक वर्मा की रेटिंग 804 की है। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ट्रेविस हेड दूसरे नंबर से हटकर तीसरे पर भी नहीं गए, वे सीधे नंबर चार पर पहुंच गए हैं। तीसरे नंबर पर अब फिल साल्ट ने अपना कब्जा जमा लिया है। फिल साल्ट को भी एक स्थान का फायदा मिलते हुए दिख रहा है। उनकी रेटिंग 791 की है।

## महिला वनडे सीरीज : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



### यास्तिका और शेफाली ने की 77 रनों की साझेदारी

भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गईं, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

## हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में टीम खिताब जीते

भाषा ▶▶| ग्रेटर नोएडा

हरियाणा की युवा मुक्केबाजी टीम ने बुधवार को सब जूनियर (अंडर-15) बालक और बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में टीम खिताब अपने नाम किए।

हरियाणा के मुक्केबाजों ने कौशल, ताकत और निरंतरता का संयोजन करते हुए सेना को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में हरियाणा ने चार स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीतकर टीम खिताब जीता। सेना ने दूसरा जबकि उत्तर प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के लिए रवि सिहाग (49-52 किग्रा) और संचित जयानी (55-58 किग्रा) ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए खिताब जीते। लड़कियों की टीम ने भी यही सफलता दोहराई और गरिमा (35-37 किग्रा), प्रिंसी (49-52 किग्रा), सुनैना (58-61 किग्रा), जीविका (61-64 किग्रा) और राधिका शर्मा (67-70 किग्रा) सहित कई वर्गों में चैंपियन बनीं। सेना की टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही जिसमें नव्या (52-55 किग्रा) और निशालिनी मुथुकुमार (43-46 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि महाराष्ट्र ने रिया शिंदे (30-33 किग्रा) और ओवी अदवंत (46-49 किग्रा) की शानदार जीत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



### 3 हजार मीटर में गुलवीर सिंह ने बनाया नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

### जीता अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप

# 20 वर्षीय रोहित कृष्णा बने भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना।

विश्वेश्वरन के प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया। बता दें कि, भारत को 1988 में विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर मिला था। जबकि दिव्या देशमुख पिछले महीने फिडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के साथ देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं।



### रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट

### गुकेश पांचवें स्थान पर खिसके कारुआना ने की बढ़त हासिल



सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी. गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली, जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।

### अरोनियन ने खेली दो बाजी ड्रॉ

इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं।

## भारत में 2030 में हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, आईओए ने दी औपचारिक मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।




### डैरेन हॉल ने किया था अहमदाबाद का दौरा

राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव 2025: 17 अगस्त को NDA उम्मीदवार का ऐलान, 9 सितंबर को वोटिंग

## -21 अगस्त तक होगा नामांकन, 25 तक वापसी



नई दिल्ली। देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। 21 जुलाई की रात उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद यह पद रिक्त हो गया। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था, लेकिन स्वास्थ्य और निजी कारणों का हवाला देकर उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद से ही सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने उम्मीदवार की तलाश में जुट गए हैं। अब यह लगभग तय हो गया है कि 17 अगस्त को भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में NDA (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के उम्मीदवार के नाम पर अंतिम मुहर लग जाएगी।

**NDA का रणनीतिक मंथन – 17 अगस्त को बड़ा ऐलान**

सूत्रों के अनुसार, भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे दिल्ली में होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक में उपराष्ट्रपति पद के लिए NDA उम्मीदवार का नाम तय होगा।

भाजपा के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों – जेडीयू, शिवसेना (शिंदे गुट), एलजेपी, अपना दल, एआईएडीएमके और अन्य दलों के बीच पहले ही परामर्श दौर हो चुका है। इस बार ऐसे चेहरे पर दांव लगाया जा सकता है जो संगठन और सरकार, दोनों में संतुलन साध सके।

**नामांकन प्रक्रिया – 21 अगस्त को दाखिल होगा पर्चा**

NDA उम्मीदवार का नाम तय होते ही 21 अगस्त को संसद भवन में नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस मौके पर NDA शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। भाजपा चाहती है कि नामांकन के समय एकजुटता का मजबूत संदेश दिया जाए। इसके लिए क्षेत्रीय सहयोगी दलों के नेताओं को भी विशेष रूप से बुलाया गया है।

**विपक्ष की रणनीति – 18 अगस्त को बैठक**

दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन INDIA भी अपने उम्मीदवार पर विचार कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क शुरू कर दिया है। 18 अगस्त को INDIA ब्लॉक की बैठक होने की संभावना है, जिसमें साझा उम्मीदवार के नाम पर चर्चा होगी। विपक्ष की कोशिश होगी कि ऐसा चेहरा सामने लाया जाए जो भाजपा के उम्मीदवार को कड़ी चुनौती दे सके और क्षेत्रीय दलों में स्वीकार्य हो।

**चुनाव कार्यक्रम – नामांकन से लेकर वोटिंग तक**

नामांकन की आखिरी तारीख: 21 अगस्त

नामांकन वापसी की अंतिम तारीख: 25 अगस्त

वोटिंग की तारीख: 9 सितंबर

मतगणना: 9 सितंबर को ही मतदान के तुरंत बाद

यह चुनाव सांसदों के वोट से होता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सभी निर्वाचित और नामित सदस्य मतदान करते हैं। वोटिंग प्रक्रिया गुप्त मतपत्र के जरिए होती है।

**जगदीप धनखड़ का इस्तीफा – राजनीतिक हलचल का कारण**

जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया। 74 वर्षीय धनखड़ का कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी था। वे पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रह चुके हैं और 2022 में उपराष्ट्रपति बने थे। अपने सख्त बयानों और सक्रिय भूमिका के लिए वे चर्चा में रहते थे। इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह व्यक्तिगत कारणों से लिया गया है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में उनके भविष्य को लेकर अटकलें जारी हैं।

**आगामी चुनाव – राजनीतिक समीकरण**

NDA के पास संसद में स्पष्ट बहुमत है, जिससे उसके उम्मीदवार के जीतने की संभावना ज्यादा मानी जा रही है। लोकसभा में भाजपा के पास बहुमत है, और राज्यसभा में भी NDA के पास अच्छी-खासी संख्या है। बावजूद इसके, विपक्ष यह चुनाव प्रतीकात्मक मुकाबले में बदलने की कोशिश करेगा। अगर NDA कोई लोकप्रिय, सर्वमान्य चेहरा लाता है तो विपक्षी दलों में दरार पड़ सकती है और कई दल NDA उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। दूसरी ओर, अगर विपक्ष कोई मजबूत राजनीतिक या सामाजिक पृष्ठभूमि वाला उम्मीदवार उतारता है, तो यह मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। । 17 अगस्त को होने वाली भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक और 18 अगस्त को प्रस्तावित विपक्ष की बैठक से यह तय हो जाएगा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला एकतरफा रहेगा या कांटे का। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से पैदा हुई यह अप्रत्याशित स्थिति अब भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ने वाली है।

# राम माधव का बयान – BJP और RSS में कोई मतभेद नहीं, विपक्ष फैला रहा बेबुनियाद अटकलें

## -राम माधव बोले – दोनों संगठन अपने-अपने क्षेत्रों में काम करते हैं, लक्ष्य एक ही है



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (BJP) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के बीच रिश्तों में दरार की अटकलों पर संघ के वरिष्ठ नेता और भाजपा के पूर्व महासचिव राम माधव ने साफ-साफ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों संगठनों के बीच किसी भी तरह का तनाव या मतभेद नहीं है। यह केवल विपक्ष की बनाई हुई कहानी है, जिसे वह मुद्दों के अभाव में प्रचारित कर रहा है।

**'दोनों संगठन एक वैचारिक परिवार के हिस्से'**

राम माधव ने शनिवार को न्यूज़ एजेंसी ANI से बातचीत में कहा – "BJP और RSS दोनों एक ही वैचारिक परिवार से जुड़े हुए हैं। लेकिन दोनों की कार्यप्रणाली अलग-अलग है। भाजपा राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय है, जबकि RSS सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में जुटा है।" उन्होंने कहा कि दोनों के लक्ष्य समान हैं – राष्ट्रहित और समाजहित – बस काम करने के तरीके अलग हैं। भाजपा चुनाव, नीतियों और शासन से जुड़ी है, जबकि RSS सांस्कृतिक, सामाजिक और वैचारिक स्तर पर काम करता है।

**PM के भाषण पर उठी विपक्ष की आपत्ति**

दरअसल, यह बयान उस समय आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण में RSS का ज़िक्र होने पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई थी।

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने अपने संबोधन में RSS के कार्यों और योगदान की सराहना की थी। उन्होंने कहा था कि संगठन ने देश के समाजिक ताने-बाने को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। लेकिन कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने इस बयान को "संविधान और तिरंगे का अपमान" करार दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय मंच से किसी राजनीतिक या वैचारिक संगठन की तारीफ करना उचित नहीं है।

**विपक्ष पर राम माधव का पलटवार**

राम माधव ने विपक्ष की आलोचना को बे-बुनियाद और राजनीतिक प्रेरित बताया। उन्होंने कहा – "जब विपक्ष के पास मुद्दा नहीं होता, तो वह इस तरह के बेकार के विवाद खड़े करता है। यह पहली बार नहीं है जब विपक्ष ने RSS को लेकर गलत धारणाएं फैलाने की कोशिश की हो।" उन्होंने याद दिलाया कि RSS एक गैर-राजनीतिक संगठन है जो दशकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम कर रहा है।

**RSS और BJP के रिश्तों की पृष्ठभूमि**

RSS की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी, जिसका उद्देश्य था – भारत को एक सशक्त, संगठित और सांस्कृतिक रूप से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना। भाजपा, जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी के रूप में, RSS की विचारधारा से प्रेरित होकर राजनीति में सक्रिय हुई। हालांकि दोनों संगठन संविधान के भीतर रहकर काम करते हैं, लेकिन RSS प्रत्यक्ष राजनीति में हिस्सा नहीं लेता। इसके बावजूद, वैचारिक निकटता के कारण कई BJP नेता संघ से जुड़े रहे हैं।

**राजनीतिक महत्व**

विपक्ष अक्सर यह आरोप लगाता रहा है कि BJP और RSS में पर्दे के पीछे बहुत गहरा तालमेल है और सरकार की नीतियों पर संघ का असर रहता है। लेकिन BJP और RSS दोनों बार-बार यह कह चुके हैं कि उनकी भूमिकाएं अलग हैं और वे एक-दूसरे के कामकाज में सीधा हस्तक्षेप नहीं करते। राम माधव के इस बयान को एक राजनीतिक संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है – खासकर तब, जब 2024-25 के चुनावी माहौल में विपक्ष RSS को निशाना बनाकर BJP पर हमला करने की रणनीति बना रहा है।

**भविष्य की राजनीति में असर**

राम माधव के स्पष्ट शब्दों में कहें तो – BJP और RSS के बीच तनाव जैसी कोई बात नहीं है। दोनों का रिश्ता वैचारिक और सांस्कृतिक आधार पर टिका है। विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या विपक्ष इस बयान के बाद भी RSS और BJP के रिश्तों पर सवाल उठाता रहेगा या फिर यह विवाद धीरे-धीरे ठंडा पड़ जाएगा।

# राहुल गांधी का 'वोट चोरी' वीडियो: लोकतंत्र की सुरक्षा पर कांग्रेस का जोर




नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे को एक बार फिर जोर-शोर से उठाया है। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक छोटा लेकिन प्रभावशाली वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने "लापता वोट" लिखते हुए आम लोगों का ध्यान इस मुद्दे की ओर खींचा। वीडियो के साथ राहुल ने लिखा — "चोरी-चोरी, चुपके-चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है।" हालांकि, इस पोस्ट में उन्होंने चुनाव आयोग (EC) का सीधा नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि राहुल का निशाना चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों पर है।

**कांग्रेस का संदेश – वोट चोरी यानी अधिकारों की चोरी**

राहुल गांधी के इस पोस्ट के बाद कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक X हैंडल (पूर्व में ट्विटर) से भी इस मुद्दे पर संदेश जारी किया गया। इसमें लिखा गया — "आपके वोट की चोरी, आपके अधिकारों की चोरी है। आइए, हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं।" कांग्रेस ने इस तरह जनता से अपील की कि वे अपने वोट की सुरक्षा को लेकर सजग रहें और किसी भी तरह की अनियमितता के खिलाफ मुखर हों।

**वीडियो की कहानी – थाने में दर्ज हुई 'वोट चोरी' की रिपोर्ट**

यह वीडियो लगभग एक मिनट का है और इसे एक तरह से व्यंग्यात्मक स्केच के रूप में तैयार किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि एक साधारण व्यक्ति पुलिस थाने में पहुंचता है। वहां एक पुलिसकर्मी नींद में खर्राटे ले रहा होता है।

व्यक्ति: "साहब... साहब, मुझे रिपोर्ट लिखानी है।"

पुलिसकर्मी: "अबे, यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा तो क्या करेगा?"

व्यक्ति: "मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है।"

पुलिसकर्मी: "क्या चोरी हो गया?"

व्यक्ति: "साहब... मेरा वोट चोरी हो गया है। मेरा वोट चुरा लिया गया है। लाखों वोट चुराए जा रहे हैं।"

यह सुनकर पुलिसकर्मी भी सोच में पड़ जाते हैं और संदेह करने लगते हैं कि कहीं उनका वोट भी तो चोरी नहीं हो गया।

**संदेश और प्रतीकात्मकता**

वीडियो का उद्देश्य स्पष्ट है — जनता को यह एहसास दिलाना कि वोट चोरी सिर्फ एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है। राहुल गांधी ने इसे एक भावनात्मक और हास्य-व्यंग्य के मिश्रण के रूप में पेश किया है, ताकि आम लोग इस विषय से आसानी से जुड़ सकें।

**राहुल का पुराना बयान – EC पर आरोप**


यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया है। इससे पहले भी वे चुनाव आयोग पर आरोप लगा चुके हैं कि वोटिंग प्रक्रिया में गड़बड़ियां हो रही हैं और लाखों मतदाता सूची से गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने कई बार यह कहा है कि अगर चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

**राजनीतिक माहौल में गरमी**

लोकसभा चुनावों और विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों से पहले इस तरह के आरोप और प्रत्यारोप राजनीतिक माहौल को और गर्म कर रहे हैं। कांग्रेस इसे जनता का मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, जबकि बीजेपी और चुनाव आयोग इन आरोपों को निराधार बताते आए हैं।

# ट्रम्प-पुतिन की अलास्का में 3 घंटे बैठक: डील नहीं, लेकिन बातचीत जारी रखने पर सहमति

## -यूक्रेन युद्ध पर चर्चा के बाद 12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस



वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार देर रात अलास्का में एक अहम बैठक हुई। यह मुलाकात यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के संभावित रास्तों पर केंद्रित थी। लगभग 3 घंटे तक चली इस क्लोज़-डोर मीटिंग ने वैश्विक राजनीति में हलचल पैदा कर दी, लेकिन अंत में कोई ठोस समझौता सामने नहीं आया।

**बैठक के बाद सिर्फ 12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

मीटिंग के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जो मात्र 12 मिनट चली। इस दौरान न तो उन्होंने पत्रकारों के सवाल लिए और न ही किसी गहरे विवरण में गए। यह असामान्य था क्योंकि इतनी लंबी और संवेदनशील बैठक के बाद आम तौर पर मीडिया के सवाल-जवाब का सिलसिला होता है।

ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। कई मुद्दों पर हम सहमत हुए, लेकिन कोई डील नहीं हुई। समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा।" ट्रम्प ने इस मीटिंग को 10 में से 10 अंक दिए, जो उनके दृष्टिकोण से इस चर्चा के महत्व को दर्शाता है।

**पुतिन का सुरक्षा पर जोर**

पुतिन ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि रूस के लिए सबसे अहम मुद्दा उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में रूस की सुरक्षा चिंताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पुतिन ने अगली बैठक मॉस्को में आयोजित करने का सुझाव भी दिया, जो संभवतः एक रणनीतिक संदेश था—कि रूस अपने घरेलू माहौल में बातचीत को और मजबूती देना चाहता है।

पुतिन ने कहा: "हमने कई विषयों पर चर्चा की, लेकिन रूस की सुरक्षा के मुद्दे पर हमारा रुख अडिग है। अगली मुलाकात मॉस्को में करना बेहतर होगा, ताकि बातचीत को ठोस दिशा मिल सके।"

**यूक्रेन का पहलू और जेलेंस्की से बातचीत**

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि बैठक समाप्त होने के बाद, वाशिंगटन लौटते समय ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी फोन वार्ता की। यह बातचीत संभवतः बैठक के नतीजों और भविष्य की रणनीतियों पर केंद्रित थी। अब तक जेलेंस्की ने ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यूक्रेन फिलहाल अमेरिकी और रूसी रुख को ध्यान से परख रहा है, क्योंकि दोनों महाशक्तियों के बीच किसी भी स्तर की डील का सीधा असर कीव पर पड़ेगा।

**बैठक की अहमियत**

यह मुलाकात कई कारणों से महत्वपूर्ण मानी जा रही है— युद्ध में कूटनीतिक मोड़ की संभावना – रूस-यूक्रेन युद्ध लंबे समय से गतिरोध में है और किसी भी उच्चस्तरीय बातचीत को संभावित शांति के संकेत के रूप में देखा जाता है। अमेरिका-रूस संबंधों की दिशा – पिछले वर्षों में बिगड़े रिश्तों के बाद यह बैठक दोबारा संवाद बहाल करने का संकेत देती है। वैश्विक ऊर्जा और सुरक्षा – युद्ध के चलते ऊर्जा संकट और नाटो की भूमिका पर भी चर्चा की संभावना रही होगी, हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र नहीं हुआ।

**विशेषज्ञों की राय**

अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही इस बैठक से कोई समझौता नहीं हुआ, लेकिन यह एक कूटनीतिक दरवाजा खोलने जैसा है। सकारात्मक पहलू: दोनों नेताओं ने बातचीत जारी रखने की इच्छा जताई और व्यक्तिगत तौर पर बैठक को सफल बताया। चुनौती: यूक्रेन युद्ध जैसे जटिल मुद्दे पर 'कोई डील नहीं' का मतलब है कि मतभेद अभी भी गहरे हैं, खासकर युद्धविराम और सीमा संबंधी सवालों पर। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प की 10/10 अंक वाली टिप्पणी उनके 'पब्लिक इमेज बिल्डिंग' का हिस्सा हो सकती है, जबकि पुतिन का मॉस्को में अगली बैठक का सुझाव रूस की राजनीतिक स्थिति और सैन्य रणनीति को दर्शाता है।

**आगे का रास्ता**

अगली बैठक का समय और स्थान तय होना बाकी है, लेकिन अगर मॉस्को में यह मुलाकात होती है, तो यह अमेरिका और रूस दोनों के लिए एक बड़ा राजनीतिक संदेश होगा। अमेरिका में इसे ट्रम्प की 'डिप्लोमैटिक जीत' के रूप में पेश किया जा सकता है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हवाई अड्डे पर किया पुतिन का स्वागत, अपनी कार में होटल तक ले गए

## -संक्षिप्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भविष्य में संवाद जारी रखने का दिया संकेत



एंकरेज (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की बहुप्रतीक्षित मुलाकात शुक्रवार देर रात अलास्का के एंकरेज शहर में हुई। यह मुलाकात न केवल राजनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से अहम रही, बल्कि इसके हर लम्हे ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा।

**हवाई अड्डे पर व्यक्तिगत स्वागत**

रात करीब 11 बजे जैसे ही पुतिन का विमान एंकरेज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, खुद राष्ट्रपति ट्रम्प वहां मौजूद थे। सामान्य तौर पर ऐसे दौरों पर किसी उच्च-स्तरीय प्रतिनिधि को भेजा जाता है, लेकिन इस बार ट्रम्प ने परंपरा तोड़ते हुए पुतिन का व्यक्तिगत स्वागत किया।

रेड कार्पेट बिछा हुआ था, अमेरिकी और रूसी झंडों से सजी पृष्ठभूमि में दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाए। इसी दौरान पुतिन ने मुस्कुराते हुए ट्रम्प से कहा— "हैलो, पड़ोसी"—जो अलास्का और रूस की भौगोलिक निकटता की ओर इशारा था।

**ट्रम्प की गाड़ी में व्हाइट हाउस तक नहीं, बल्कि होटल तक सफर**

मीडिया के लिए यह भी हैरान करने वाला था कि ट्रम्प ने पुतिन को अपनी आधिकारिक राष्ट्रपति कार "द बीस्ट" में बैठाया और खुद ड्राइव करते हुए उन्हें होटल तक लेकर गए। आम तौर पर सुरक्षा कारणों से अमेरिकी राष्ट्रपति खुद ड्राइव नहीं करते, लेकिन इस अनौपचारिक अंदाज़ को कई विशेषज्ञ "कूटनीतिक मैत्री का संकेत" मान रहे हैं।

**यूक्रेन युद्ध पर तीन घंटे की मैराथन बैठक**

मुलाकात का मुख्य एजेंडा यूक्रेन में जारी युद्ध था। दोनों नेता सीधे होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल पहुंचे, जहां करीब तीन घंटे तक क्लोज़-डोर मीटिंग चली। इस दौरान अमेरिकी और रूसी विदेश मंत्रियों के अलावा, सैन्य व सुरक्षा सलाहकार भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में युद्धविराम, कैदी अदला-बदली, और यूक्रेन के भविष्य को लेकर संभावित राजनीतिक समझौते पर चर्चा हुई। हालांकि किसी ठोस डील की घोषणा नहीं हुई, लेकिन बातचीत का माहौल "सकारात्मक और व्यावहारिक" बताया गया।

**सिर्फ 12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

बैठक के बाद दोनों नेता एक संक्षिप्त जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए सामने आए। यहां भी उन्होंने कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। ट्रम्प ने कहा, "हमने एक-दूसरे के दृष्टिकोण को सुना और समझा है। बातचीत जारी रहेगी।" वहीं पुतिन ने भी संयमित लहजे में कहा, "आज कोई डील नहीं, लेकिन संवाद के दरवाजे खुले हैं।"

पत्रकारों ने कई सवाल पूछने की कोशिश की, लेकिन दोनों नेता मुस्कुराते हुए सिर्फ सामान्य टिप्पणी कर वहां से चले गए।

**एंकरेज का चयन क्यों हुआ?**

अलास्का का एंकरेज शहर इस मुलाकात के लिए कई कारणों से चुना गया। भौगोलिक निकटता: अलास्का रूस के बेहद करीब है, ऐतिहासिक रूप से भी दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार और सांस्कृतिक रिश्ते रहे हैं। तटस्थ माहौल: यह स्थान अमेरिकी धरती पर होते हुए भी वॉशिंगटन डीसी की राजनीतिक हलचल से दूर है। सुरक्षा कारण: दूरदराज़ का यह इलाका कड़े सुरक्षा प्रबंधों के लिए अनुकूल है।

**वैश्विक प्रतिक्रियाएं**

इस बैठक को लेकर दुनिया भर में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आईं। यूरोपीय संघ के कुछ नेताओं ने सावधानी भरे शब्दों में उम्मीद जताई कि यह बातचीत यूक्रेन में खून-खराबा कम करने की दिशा में पहला कदम हो सकती है।

वहीं, यूक्रेन सरकार ने कहा कि जब तक रूसी सेना पूरी तरह पीछे नहीं हटती, किसी भी समझौते की बात करना "यूक्रेनी जनता के साथ धोखा" होगा। चीन ने इस बैठक को "सकारात्मक संवाद का अवसर" कहा, जबकि नाटो (NATO) ने टिप्पणी करने से परहेज़ किया।

**विशेषज्ञों की राय**

अंतरराष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बैठक भले ही ठोस नतीजे लेकर नहीं आई, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बड़ा है। एक तरफ, यह दर्शाता है कि दोनों महाशक्तियां टकराव के बीच भी बातचीत के लिए तैयार हैं; दूसरी ओर, यह संकेत भी देता है कि यूक्रेन संकट को सुलझाने के लिए किसी न किसी मंच पर संवाद ज़रूरी है। ट्रम्प और पुतिन ने अगली बैठक के लिए किसी तारीख का ऐलान नहीं किया, लेकिन संकेत दिए कि बातचीत के सिलसिले को जारी रखा जाएगा। माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में किसी यूरोपीय देश में फिर से उच्च-स्तरीय वार्ता हो सकती है। अलास्का की यह रात भले ही यूक्रेन के भविष्य को बदलने वाली ऐतिहासिक रात न बन पाई हो, लेकिन इसने यह जरूर साबित कर दिया कि कूटनीति में कभी-कभी एक मुस्कुराहट, एक हाथ मिलाना और "हैलो पड़ोसी" जैसे शब्द भी बड़े संदेश दे सकते हैं।

# इजराइली हमले में हमास कमांडर नासेर मूसा ढेर

## -गाजा पर बढ़ते हमले से अंतरराष्ट्रीय दबाव तेज



तेल अवीव (एजेंसी)। इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष एक बार फिर तेज़ हो गया है। शुक्रवार को इजराइली सेना (IDF) ने दावा किया कि उसने हमास के सीनियर कमांडर नासेर मूसा को मार गिराया है। IDF के अनुसार, यह कार्रवाई 9 अगस्त को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके में एक हवाई हमले के दौरान की गई थी।

**नासेर मूसा की भूमिका और महत्व**

नासेर मूसा हमास की राफा ब्रिगेड के कंट्रोल डिपार्टमेंट का प्रमुख था। वह संगठन के लिए बेहद अहम जिम्मेदारियां संभालता था—जिसमें लड़ाकों की ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी जुटाना, निगरानी तंत्र को मजबूत करना और रणनीतिक संचालन शामिल थे। मूसा, मई में मारे गए राफा ब्रिगेड के कमांडर मोहम्मद शबाना का नज़दीकी सहयोगी था। इन दोनों की जोड़ी को हमास के दक्षिणी गाजा में सैन्य ढांचे की रीढ़ माना जाता था।

**गाजा में हालिया सैन्य कार्रवाई**

इजराइल ने मूसा को निशाना बनाने के अलावा हाल ही में कई अन्य हमले भी किए हैं। गुरुवार को इजराइली लड़ाकू विमानों ने खान यूनिस में एक इमारत पर हमला किया, जहां IDF के मुताबिक हमास रॉकेट जमा कर रहा था। इस हमले का वीडियो फुटेज भी जारी किया गया, जिससे यह साबित करने की कोशिश की गई कि हमास नागरिक इमारतों को हथियारों के भंडारण के लिए इस्तेमाल कर रहा है।

**इजराइली रणनीति में बदलाव**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि गाजा सिटी पर पूर्ण कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। इस योजना में यह भी कहा गया कि गैर-लड़ाकू क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को मानवीय सहायता दी जाएगी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि गाजा पर कब्जा करने की कोशिश न सिर्फ सैन्य दृष्टि से कठिन है, बल्कि इससे मानवीय संकट और गहरा सकता है।

**मानवीय संकट और अंतरराष्ट्रीय आलोचना**

गाजा में जारी सैन्य कार्रवाई और वेस्ट बैंक में कथित दमनकारी नीतियों ने इजराइल की अंतरराष्ट्रीय छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। संयुक्त राष्ट्र और कई मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि लगातार बमबारी और नाकेबंदी के कारण गाजा में भोजन, दवाइयों और पानी की भारी कमी हो रही है। अस्पतालों में ईंधन की कमी से इलाज ठप पड़ने की कगार पर है। मानवीय संकट की गहराई को देखते हुए कई देशों ने इजराइल की निंदा की है। नेतन्याहू की गाजा पर कब्जे की योजना को लेकर भी वैश्विक स्तर पर असंतोष बढ़ रहा है।

**राजनयिक मोर्चे पर दबाव**

संघर्ष के बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी हलचल तेज़ है। फ्रांस ने घोषणा की है कि वह सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,